दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak







# पिंकसिटी में मौसम के तीन रंग

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में नौतपा के आखिरी दो दिन राहत भरे रहे। भीषण गर्मी की मार झेल रहे प्रदेश में शुरू हुआ आंधी बारिश का दौर रविवार को भी जारी रहा। बीकानेर, सीकर और श्रीगंगानगर में बारिश के साथ ओले गिरे। इससे लोगों को तपन गर्मी से राहत मिली। बरसात होने से जिलों में बढ़ते तापमान के ग्राफ में भी गिरावट देखी गई। अधिकतर जिलों में तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। इधर, मौसम विभाग ने आगामी दो दिन तेज गर्मी की संभावना से इनकार किया है। अभी 2 से 3 दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। आगामी दिनों में अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज होने तथा हीटवेव से राहत बने रहने की संभावना है।

मौसम विभाग का कहना है कि दो दिन पहले प्रदेश में एक्टिव हुए एक नए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण मौसम में बदलाव आया है और लोगों की भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने कई जिलों में आंधी के साथ हल्की/मध्यम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर व जोधपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ बारिश होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं कहीं तेज अंधड़ तथा हल्की-मध्यम बारिश होने की संभावना है। राजधानी जयपुर की बात करें तो यहां 3-5 जून तक 40 डिग्री सेल्सियस तक दिन का तापमान रह सकता है। इस दौरान दिन में सतही स्तर पर हल्की गर्म हवा चलेगी।

## ■ आखिरी दिन फीका रहा नौतपा का असर

## प्रचंड गर्मी की मार झेल रहे प्रदेश में आंधी-बारिश से लुढ़का पारा




### प्रदेश में कई जगह ओला-बारिश

राजधानी जयपुर में रविवार को बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली। जयपुर के कई इलाकों में सुबह बारिश हुई, जिससे मौसम ठंडा हो गया। इसके बाद दिन में तेज धूप निकल आई और लोगों को गर्मी ने परेशान कर दिया। दोपहर बाद मौसम में फिर बदलाव आया और बादल छाने के साथ तेज हवा चली। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। जगतपुरा इलाके में शाम को 20 मिनट तक तेज बरसात हुई, जिससे सड़कों पर पानी भर गया। जेएलएन मार्ग पर भी हल्की बारिश हुई। सुबह और शाम को बारिश के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। जयपुर में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा, जो शनिवार के मुकाबले 1.6 डिग्री कम रहा। इससे पहले न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री के नीचे दर्ज हुआ था। इसी प्रकार पश्चिमी राजस्थान में सर्वाधिक बारिश राजगढ़, चूरू में 11 मिमी, जबकि पूर्वी राजस्थान के सीकर में 8 मिमी दर्ज की गई है। बीकानेर और श्रीगंगानगर में बारिश के साथ ओले गिरे।

## जरूरी खबर

### नाहरगढ़ अभयारण्य में बाघिन के एक शावक की मौत



**जयपुर।** नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में रविवार को बाघिन के एक शावक की मौत हो गई। डीसीएफ जगदीश गुप्ता के मुताबिक नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में रहवास कर रही मादा बाघिन रानी ने 10 मई को 3 शावकों को जन्म दिया था। बाघिन ने दो गोल्डन और एक सफेद शावक को जन्म दिया था। बाघिन शावकों का पालन पोषण कर रही थी, जिनमें से एक गोल्डन शावक की रविवार को अचानक मौत हो गई। वन्यजीव पशु चिकित्सकों के मेडिकल बोर्ड की ओर से शावक के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। मेडिकल बोर्ड की ओर से प्रथम दृष्टया शावक की मौत हृदयघात से होना बताया गया है।

### जयपुर से दिल्ली का सफर हुआ महंगा

**जयपुर।** एनएचएआई के टोल प्लाजाओं से निकलना और महंगा हो जाएगा। नई दरें सोमवार रात 12 बजे के बाद से सभी टोल प्लाजाओं पर लागू हो गई। नई दरें एक अप्रैल से ही लागू होनी थीं, लेकिन इसे कुछ दिनों के लिए टाल दिया गया था। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे से होकर जयपुर जाने के लिए अधिक टोल टैक्स चुकाना होगा। सोहना-नूंह-अलवर या दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे से होकर जयपुर तक जाने के लिए अतिरिक्त टोल देना होगा।

### मध्यप्रदेश की सीमा पर पिपलौदी जोड़ पर हुआ हादसा

# ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में गिरी 13 की मौत, 40 घायल

**एजेंसी** | राजगढ़ (मध्य प्रदेश)

झालावाड़ जिले से बारातियों को लेकर आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली रविवार रात मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में पिपलौदी जोड़ के पास खाई में गिरकर पलट गया। हादसे में तीन बच्चों और तीन महिलाओं सहित 13 की मौत हो गई, जबकि 40 के घायल होने की खबर है। इनमें से करीब 30 लोगों को राजगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा रात करीब 9 बजे राजस्थान-मध्यप्रदेश की सीमा पर पिपलौदी जोड़ पर हुआ।

ट्रैक्टर में राजस्थान के इकलेरा के समीप स्थित मोतीपुरा गांव से बारात राजगढ़ के पास देहरीनाथ पंचायत के गांव कमालपुर आ रही थी। खामखेड़ा से कुछ दूर पिपलौदी मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलने पर राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित और एसपी आदित्य मिश्रा मौके पर पहुंचे। जिले की तमाम एंबुलेंस को घायलों को अस्पताल पहुंचाने में लगाया गया। जिला अस्पताल में आनन-फानन में डॉक्टरों और जरूरी स्टाफ को बुलाकर घायलों को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। कुछ लोगों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

मध्य प्रदेश शासन के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार भी घटना की जानकारी लगने के बाद जिला अस्पताल पहुंचे और वहां घायलों से मिलकर घटना की जानकारी ली। इसके साथ ही कलेक्टर एसपी को भी घायलों के उपचार को लेकर दिशा-निर्देश दिए।




### अमूल ने दूध की कीमतों में किया इजाफा

**अहमदाबाद।** गुजरात मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन ने अमूल दूध की कीमतों में प्रति लीटर दो रुपए का इजाफा कर दिया है। दूध की बढ़ी हुई कीमतें सोमवार से लागू हो गई। जीसीएमएमएफ ने 4 जून को लोकसभा चुनावों की मतगणना से पहले महंगाई का झटका दिया है। जीसीएमएमएफ के ऐलान के अनुसार अमूल दूध के दाम 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ाए गए है। इनमें अमूल गोल्ड, अमूल ताजा और अमूल शक्ति शामिल हैं। अमूल ताज नाना पाउच को छोड़कर सभी दूध के दाम में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है।

### कोर्ट ने 5 जून तक की JC भेजा

## केजरीवाल ने किया तिहाड़ जेल में सरेंडर

**एजेंसी**। नई दिल्ली




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार की शाम 5 बजे तिहाड़ जेल में सरेंडर किया। इससे पहले वे आप के दफ्तर गए और कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने कहा कि वे देश बचाने के लिए जेल जा रहे हैं। मुझे नहीं पता कब वापस आऊंगा। वहां मेरे साथ क्या-क्या होगा, मुझे नहीं पता।' तिहाड़ जेल में सरेंडर करने के करीब 30 मिनट बाद ही राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 5 जून तक ईडी की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया। ईडी ने केजरीवाल की कस्टडी के लिए आवेदन दायर किया था। दिल्ली सीएम के अंतरिम जमानत पर होने के चलते आवेदन पेंडिंग था। ड्यूटी जज ने कहा कि केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने फैसला सुरक्षित रखा है, जिस पर 5 जून को फैसला सुनाया जाएगा। ड्यूटी जज ने केजरीवाल को 5 जून तक की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

### अरुणाचल में तीसरी बार भी BJP सरकार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर भारी बहुमत हासिल किया है। कांग्रेस एक सीट पर सिमट गई। उधर, सिक्किम में जनता ने मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग उर्फ गोले के प्रति अपार स्नेह जताते हुए उनकी पार्टी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा को 32 में से 31 सीटों पर जीत दिलाई। तमांग लगातार दूसरी बार सिक्किम के मुख्यमंत्री बनेंगे।

■ पेज 7 भी देखें

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोले...

# जनता को PM मोदी पर भरोसा...प्रदेश में हम जीतेंगे सभी सीटें

**बेधड़क**। जयपुर

लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को आएंगे। परिणाम को लेकर प्रदेश के नेताओं ने सीटों को लेकर अपने अपने दावे जताए हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 2014 में भी बीजेपी ने 25 सीटें जीती थी। 2019 में भी 25 सीटें जीती थी और मैं कहना चाहता हूं कि 2024 में भी हम 25 सीटें जीतेंगे। सीएम भजनलाल ने कहा कि चाहे गरीब कल्याण की योजनाएं हो, विकास की योजनाएं हो, चाहे हमारी सीमाओं की सुरक्षा हो। आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति हो और चाहे दुनिया में बढ़ता हुआ भारत का गौरव हो। देश की जनता को पता है कि 2014 के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर तरफ विकास किया हैं। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के नारे के साथ पीएम मोदी चल रहे हैं। सीएम भजनलाल ने कहा कि इस बार भी पूरी 25 की 25 सीटें पार्टी को मिलने जा रही है। लोकसभा चुनावों के परिणाम आने से पहले आए एग्जिट पोल में एनडीए को साफ बहुमत दिखाया गया है। एग्जिट पोल पर सीएम भजनलाल शर्मा का कहना है कि देश का माहौल स्पष्ट है। देश की जनता ने पीएम मोदी का विश्वास किया हैं। विश्वास इसलिए किया है क्योंकि मोदी जो कहते हैं, वो करते हैं और जो करते है, वहीं कहते हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के पास कुछ भी नहीं है। उनका गठबंधन कैसा है, दिल्ली में आप और कांग्रेस एक होकर चुनाव लड़ रहे हैं। हरियाणा-पंजाब में अलग-अलग होकर चुनाव लड़ रहे हैं। इनकी क्या स्थिति हो गई है। इसलिए मैं कह सकता हूं कि विपक्ष पूरी तरह से हताश और निराश है। इनमें कोई दम नहीं है। सीएम ने बिजली से जुड़े सवाल पर कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जिस तरह के काम किए हैं, उसमें जनता का कोई हित नहीं था। जब बिजली की दर साढ़े 3 रुपए के आसपास थी, तब उन्होंने सितंबर 2023 में बिजली उधार ली। सीएम ने कहा कि हमने थर्मल प्लांट चालू किए हैं। हम बाहर से बिजली खरीदने का काम भी कर रहे हैं। हमने जनता से जो वादा किया है, निश्चित रूप से हम उसकी पूर्ति करने का काम कर रहे हैं। चाहे हमें महंगी बिजली मिल रही है, लेकिन राजस्थान की जनता को पूरी तरह से बिजली देने का काम कर रहे हैं।



### अरुणाचल प्रदेश की जनता का जताया आभार

सीएम ने अरुणाचल विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर वहां की जनता का आभार जताया है। शर्मा ने भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे देश में पीएम मोदी के प्रति अटूट विश्वास है। पिछले एक दशक में गरीब कल्याण की योजनाओं, विकास कार्यों, सीमाओं की सुरक्षा ने यह विश्वास कायम किया है। अरुणाचल जनता ने इसी विश्वास को पूरा करते हुए भाजपा के विजयी रथ को आगे बढ़ाया है। शर्मा ने '4 जून को 400 पार' का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में भी पूरे देश में प्रचंड विजय हासिल करेगी।

**जरूरी खबर**

## जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया: राज्यवर्धन



**जयपुर।** भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि जिस तरह से एग्जिट पोल आ रहे हैं, उससे साफ है कि जनता ने एक बार फिर मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश में ओर तेजी से विकास होगा। जो काम अभी हुआ है, उससे कई गुना स्पीड से काम होगा। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत विकसित राष्ट्र बने, उसके लिए काम हो रहा हैं। गांव-गांव तक अंत्योदय योजना पहुंचाने का काम हो रहा है। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने रविवार को झोटवाड़ा विधानसभा में जनता संग पशु-पक्षियों की सेवा की और पक्षियों के लिए परिंडे बांधे।

## निर्वाचन आयोग के मतगणना पर्यवेक्षक नियुक्त

**अलवर।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव 2024 के अन्तर्गत अलवर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना के लिए तीन मतगणना पर्यवेक्षक लगाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीषी गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अलवर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की विधानसभा किशनगढबास, अलवर शहर व राजगढ-लक्ष्मणगढ के लिए अदिति सिंह, मुण्डावर व रामगढ के लिए रामाशंकर एवं तिजारा, बहरोड व अलवर ग्रामीण के लिए राहुल अग्रवाल को मतगणना पर्यवेक्षक लगाया है।

## हाईकोर्ट में 30 जून तक रहेगा समर वैकेशन



**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में समर वैकेशन शुरू होने से अब 30 जून तक हाईकोर्ट में नियमित सुनवाई नहीं होगी। केवल जमानत और अर्जेंट केसेज की ही सुनवाई हो सकेगी। इसके लिए हाई कोर्ट में वैकेशन बैंचों का गठन किया गया हैं। मुख्यपीठ जोधपुर और जयपुर पीठ के लिए चार-चार बैंचों का गठन किया है। एक बैंच एक सप्ताह मामलों की सुनवाई करेगी। समर वैकेशन के दौरान केवल जमानत से जुड़े मामलों की ही सुनवाई होगी। सिविल और रिट से जुड़े मामलों की सुनवाई पूरी तरह से बंद रहेगी। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रह्लाद शर्मा ने बताया कि हमने मुख्य न्यायाधीश को रिप्रजेंटेशन देकर मांग की थी कि समर वैकेशन में दो सिंगल बैंच औऱ एक डीबी का गठन किया जाए।

**लोकसभा चुनाव 2024: तय मार्ग से होगा प्रत्याशियों, मतदानकर्मियों का मतगणना स्थल पर प्रवेश**

# मतगणना: चाक-चौबंद रहेगी व्यवस्था

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के तहत मंगलवार को सुबह 8 बजे से जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज में जयपुर निर्वाचन क्षेत्र एवं कॉमर्स कॉलेज में जयपुर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना प्रक्रिया शुरू होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि मतगणना स्थल में प्रवेश एवं पार्किंग के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिसके तहत तय मार्ग से ही चुनाव प्रत्याशियों, मतदान कर्मियों, अधिकारियों, मतगणना अभिकर्ताओं का मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही, राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में वाहन पार्किंग व्यवस्था की गई है।



## राजस्थान कॉलेज के लिए यह होगी प्रवेश एवं पार्किंग व्यवस्था




- जिला निर्वाचन अधिकारी, पर्यवेक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी (सफेद आई कार्ड धारक) एवं पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्त गांधी सर्किल से राजस्थान कॉलेज के गेट नम्बर 03 से वाहन सहित प्रवेश करेंगे तथा मुख्य भवन के पोर्च के मुख्य चैनल गेट से प्रवेश करेंगे। प्रकोष्ठ प्रभारियों के (गुलाबी वाहन प्रवेश पास युक्त) वाहनों की पार्किंग गेट नंबर 4 के पास स्थित पार्किंग स्टैंड पर रहेगी।
- सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी (सफेद आई कार्ड धारक) गांधी सर्किल से राजस्थान कॉलेज के गेट नम्बर 03 से प्रवेश कर कॉलेज के किसी भी चैनल गेट से प्रवेश करेंगे। इनके (गुलाबी वाहन प्रवेश पास युक्त) वाहनों की पार्किंग गेट नंबर 4 के पास स्थित पार्किंग स्टैंड पर रहेगी।
- लोकसभा उम्मीदवार एवं चुनाव अभिकर्ता (सफेद आई कार्ड धारक) गांधी सर्किल से राजस्थान कॉलेज से गेट नम्बर 04 से प्रवेश कर चैनल संख्या 7 से प्रवेश कर मतगणना कक्ष में प्रवेश करेंगे। इनके (हरा वाहन प्रवेश पास युक्त) वाहनों की पार्किंग खेल मैदान में होगी।
- राजस्थान कॉलेज में नियोजित समस्त अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी का स्टॉफ, समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माईको पर्यवेक्षक मतगणना, मतगणना (काउन्टिंग) एजेन्ट, समस्त मीडियाकर्मी व मीडिया प्रकोष्ठ के कार्मिक गांधी सर्किल से झालाना रोड़ से विवेकानन्द हॉस्टल की ओर स्थित मुख्य द्वार से प्रवेश कर हॉस्टल के सामने से राजस्थान कॉलेज के खेल मैदान में वाहन पार्किंग करेंगें।
- समस्त अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी का स्टाफ (सफेद आई कार्ड) वाहन पार्किंग के बाद गेट नं. 1 से पैदल बाहर निकलेंगे तथा गेट नं. 2 से पुनः राजस्थान कॉलेज में प्रवेश कर चैनल गेट नं. 2 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने-अपने मतगणना कक्ष में पहुंचेगे। ये अधिकारी/कार्मिक राजस्थान कॉलेज भवन के मुख्य चैनल गेट तथा चैनल गेट नं. 1 व 7 को छोड़कर किसी भी चैनल गेट से आने जाने के लिए अनुमत रहेंगे।
- समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक (गुलाबी आई कार्ड), मतगणना सहायक (हल्का हरा आई कार्ड), माईको पर्यवेक्षक मतगणना (पीला आई कार्ड) वाहन पार्किंग कर पैदल निकल कर कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 1 से प्रवेश कर सामने के ग्राउंड में स्थापित टेंट में इकटठे होंगे तथा रेण्डमाइजेशन के उपरान्त कार्मस कॉलेज के अन्दर से ही राजस्थान कॉलेज में पैदल प्रवेश कर सीधे चलकर चैनल गेट नं. 6 से प्रवेश कर अपने अपने मतगणना कक्ष में पहुंचेगे।
- विधानसभा क्षेत्र आदर्श नगर, किशनपोल, विद्याधर नगर, बगरू के मतगणना एजेंट (पीला आई कार्ड) वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से बाहर जेएलएन मार्ग पर पैदल निकल कर गेट नं. 2 से राजस्थान कॉलेज में पुनः प्रवेश करेंगे तथा सीधे चलकर चैनल गेट नं. 1 से अन्दर प्रवेश कर अपने अपने मतगणना कक्ष में पहुंचेगे।
- विधानसभा क्षेत्र हवामहल, मालवीय नगर, सिविल लाइन्स, सांगानेर के मतगणना एजेंट (पीला आई कार्ड) वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से पैदल बाहर जेएलएन मार्ग पर निकल कर गेट नं 4 से पुनः राजस्थान कॉलेज में प्रवेश करेगे तथा चैनल गेट नं. 7 से अन्दर प्रवेश कर अपने-अपने मतगणना कक्ष में पहुँचेगे।
- समस्त मीडियाकर्मी व मीडिया प्रकोष्ठ (सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी हरा-सफेद आई कार्ड) वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से बाहर जेएलएन मार्ग पर पैदल निकल कर गेट नं. 3 से राजस्थान कॉलेज में प्रवेश करेंगे तथा सीधे चलकर चैनल गेट नं. 3। (भूगोल विभाग का) मीडिया कक्ष नं. 25 में प्रवेश करेंगें।
- वहीं, विभिन्न कार्यों की व्यवस्था से जुड़े प्रकोष्ठों के कार्मिक राजस्थान कॉलेज में गेट नं. 1 से प्रवेश कर आवश्यकतानुसार किसी भी चैनल गेट से आने जाने हेतु अनुमत रहेंगे। राजस्थान कॉलेज हेतु अन्य अधिकारीगण के पास युक्त वाहन अधिकारीगण को कॉलेज के मुख्य द्वार पर छोड़ कर गांधी सर्किल से झालाना मार्ग होते हुये विवेकानन्द छात्रावास की ओर स्थित मुख्य द्वार से राजस्थान कॉलेज के मुख्य खेल मैदान में पार्क की जावेगी।

## कॉमर्स कॉलेज के खेल मैदान में होगी गुलाबी प्रवेश पास युक्त वाहनों की पार्किंग




- जिला निर्वाचन अधिकारी, पर्यवेक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी (सफेद आईकार्ड धारक) एवं पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्त गांधी सर्किल अथवा बजाज नगर मोड़ से कॉमर्स कॉलेज के गेट नम्बर 01 से वाहन सहित प्रवेश करेगें तथा मुख्य भवन के चैनल गेट संख्या 02 से प्रवेश करेंगे। इनके (गुलाबी वाहन प्रवेश पास युक्त) वाहनों की पार्किंग मुख्य द्वार के बायीं ओर खेल मैदान में होगी।
- सहायक रिटर्निंग अधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं तहसीलदार (सफेद आईकार्ड धारक) गांधी सर्किल अथवा बजाज नगर मोड़ से कॉमर्स कॉलेज के गेट नम्बर 01 से प्रवेश करेगें तथा चैनल गेट 02 से मुख्य भवन में प्रवेश करें।
- लोकसभा उम्मीदवार एवं चुनाव अभिकर्ता (सफेद आईकार्ड धारक) गांधी सर्किल अथवा बजाज नगर मोड़ से कॉमर्स कॉलेज के गेट नम्बर 02 पर वाहन से उतर कर विधानसभा वार चैनल गेट नं. 4 अथवा 5 से मुख्य भवन में प्रवेश कर मतगणना कक्ष में बैठेंगे। समस्त प्रत्याशियों के वाहन (हरा वाहन प्रवेश पास युक्त) मय चालक कॉमर्स कॉलेज की ओर से झालाना की तरफ मुड़कर कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 4 से मुख्य भवन के पीछे क्रिकेट मैदान में पार्क होंगे।
- समस्त अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी का स्टॉफ (सफेद आई कार्ड) बजाज नगर मोड़ से कामर्स कॉलेज से आने वाले मतगणना कार्मिक झालाना की तरफ स्थित कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 4 से प्रवेश कर वाहनों को मुख्य भवन के पीछे क्रिकेट मैदान में पार्क कर उपद्वार सं. 2 से कॉमर्स कॉलेज में प्रवेश करेंगे तथा चैनल गेट नं. 1 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने-अपने कक्ष में बैठेंगे। गांधी सर्किल से कामर्स कॉलेज की ओर से आने वाले मतगणना कार्मिक गांधी सर्किल से झालाना रोड़ से विवेकानन्द हॉस्टल की ओर स्थित मुख्य द्वार से प्रवेश कर हॉस्टल के सामने से राजस्थान कॉलेज के खेल मैदान में वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से बाहर निकलेंगे तथा कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 1 से प्रवेश कर बाईं ओर स्थित खेल मैदान व बेरीकटिंग से होकर चैनल गेट नं. 1 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने-अपने कक्ष में बैठेंगे। ये अधिकारी, कार्मिक कॉमर्स कॉलेज भवन के सभी चैनल गेट से आने जाने हेतु अनुमत रहेंगे। कॉमर्स कॉलेज हेतु जे.एल.मार्ग से पैदल आने वाले अधिकारी,कार्मिक गेट नं. 1 से प्रवेश कर सकेंगे।
- समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक (गुलाबी आई कार्ड), मतगणना सहायक (हल्का हरा आई कार्ड), माईको पर्यवेक्षक मतगणना (पीला आई कार्ड) बजाज नगर मोड़ से कामर्स कॉलेज से आने वाले मतगणना कार्मिक झालाना की तरफ स्थित कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 4 से प्रवेश कर वाहनों को मुख्य भवन के पीछे क्रिकेट मैदान में पार्क कर उपद्वार सं. 1 से कॉमर्स कॉलेज के सामने खेल मैदान में लगे टेंट में उपस्थिति दर्ज करवाने के बाद चैनल गेट नं. 1 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने कक्ष में बैठेंगे।
- गांधी सर्किल से कॉमर्स कॉलेज की ओर से आने वाले मतगणना कार्मिक गांधी सर्किल से झालाना रोड़ से विवेकानन्द हॉस्टल की ओर स्थित मुख्य द्वार से प्रवेश कर हॉस्टल के सामने से राजस्थान कॉलेज के खेल मैदान में वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से पैदल बाहर निकलेंगे तथा कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 1 से प्रवेश कर बाईं ओर स्थित सामने के खेल मैदान में लगे टेंट में एकत्रित होकर उपस्थिति दर्ज करवाने के बाद चैनल गेट नं. 1 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने-अपने कक्ष में बैठेंगे।
- समस्त मतगणना एजेंट (पीला आई कार्ड) बजाज नगर मोड़ से कामर्स कॉलेज से आने वाले मतगणना एजेन्ट झालाना की तरफ स्थित कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 4 से प्रवेश कर वाहनों को मुख्य भवन के पीछे क्रिकेट मैदान में पार्क कर उपहार सं. 3 से प्रवेश कर विधानसभा वार चैनल गेट नं. 4 अथवा 5 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने-अपने कक्ष में बैठेंगे। कॉमर्स कॉलेज हेतु जे.एल. मार्ग से पैदल आने वाले मतगणना एजेंट मुख्य गेट नं. 2 से प्रवेश कर सकेंगे।
- गांधी सर्किल से कॉमर्स कॉलेज की ओर से आने वाले मतगणना एजेंट गांधी सर्किल रो झालाना रोड से विवेकानन्द हॉस्टल की ओर स्थित मुख्य द्वार से प्रवेश कर हॉस्टल के सामने से राजस्थान कॉलेज के खेल मैदान में वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से बाहर निकलेंगे तथा कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 2 से पैदल प्रवेश कर विधानसभा वार चैनल गेट संख्या 4 अथवा 5 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने अपने कक्ष में बैठेंगे।
- समस्त अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी का स्टॉफ (सफेद आई कार्ड) गांधी सर्किल अथवा बजाज नगर मोड़ से झालाना की तरफ स्थित कॉमर्स कॉलेज के पीछे की ओर स्थित गेट नं. 4 से प्रवेश कर वाहनों को मुख्य भवन के पीछे क्रिकेट मैदान में पार्किंग कर उपद्वार सं. 2 कॉमर्स कॉलेज के मुख्य भवन में प्रवेश करेंगे तथा चैनल गेट नं. 1 से मीडिया कक्ष न. 1 में बैठेंगे।
- विभिन्न कार्यों की व्यवस्था से जुड़े प्रकोष्ठ यथा इवेन्ट मेजेमेंट / मतगणना /भोजन/भण्डार प्रकोष्ठ के कार्मिक तथा टेण्ट, विद्युत, माईक, पानी, टेलीफोन आदि व्यवस्थाओं की फर्म/विभाग के कार्मिक / लेबर (सफेद आई कार्ड) कॉमर्स कॉलेज में गेट नं. 1 से प्रवेश कर आवश्यकतानुसार किसी भी चैनल गेट से आने जाने हेतु अनुमत रहेंगे। जे. एल.एन मार्ग पर केवल पास युक्त वाहनों के आने जाने की अनुमति होगी। अन्य वाहन कॉमर्स कॉलेज अथवा राजस्थान कॉलेज में वाहन सहित आने जाने हेतु झालाना रोड अथवा अन्य वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर सकेंगे।

**अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर बोले प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी**

# जनता को मोदी गारंटी पर भरोसा, प्रचंड बहुमत से होगी भाजपा की जीत

**बेधड़क । जयपुर**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करने की दिशा में जनता का समर्थन बताया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने अरुणाचल प्रदेश की जनता को भाजपा पर विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है।



जोशी ने कहा कि देश की जनता को मोदी गारंटी पर पूरा भरोसा है, इसी भरोसे के चलते लोकसभा चुनाव में राजस्थान में ही नहीं पूरे देश में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत होगी, नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहें है।

## अबकी बार राजस्थान में हैट्रिक: अरुण चतुर्वेदी

भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी ने भरतपुर जिला कार्यालय पर वार्ता करते हुए कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव में पुनः जीत की हैट्रिक बना रही है तथा केन्द्र में दुबारा से 400 सीट लाकर नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रही है। इस मौके पर उन्होने कहा कि प्रत्येक विधानसभा स्तर पर प्राप्त किये गये फीडबैक के अनुसार हम राजस्थान की 25 की 25 सीटें जीत रहे है तथा प्रदेश में पिछले 6 माह में जिस तरह भाजपा की भजनलाल सरकार ने कानून व्यवस्था पेयजल, बिजली, ईआरसीपी, यमुना जल समझौता आदि पर जो कार्य किया है उसका आकलन कर लोकसभा में जीत का मार्ग प्रशस्त कर रही है।



## मतगणना एजेंट सतर्कता से ईवीएम पर नजर रखें

जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कहा कि सरकार अपनी निष्ठा एवं कर्तव्य परायणता से अपना कार्य निष्पादित कर रही है। इस भीषण गर्मी में भी बिजली व पानी का उचित प्रबंधन कर रही है। जिला प्रवक्ता अशोक सिंघल ने कहा कि मतगणना के लिए जाने वाले एजेटों के बारे में अवगत कराया कि प्रत्येक टेबिल पर अपना ऐजेंट मजबूती से ईवीएम मशीनों पर ध्यान केन्द्रित करेगा तथा केंद्रीय संगठन को अपनी सूचनाएं प्रत्येक राउंड वाईज भेजेगा। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामसुन्दर गौड़, मनोज खण्डेलवाल, महामंत्री बृजेश अग्रवाल, रज्जन सिंह, दुर्गेश बूटौलिया, मण्डल अध्यक्ष अनिल अनाह, उमेश पाराशर, बिट्टू राजावत, बबीता सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## कांग्रेस ने जलजीवन मिशन में मात्र 600 करोड किए काम

उनके द्वारा कहा गया कि कांग्रेस द्वारा 2300 करोड़ की जलजीवन मिशन की राशि में से 600 करोड़ का ही उपयोग किया गया जो भी घोटाले के भेट चढ़ गयी। वहीं मात्र 6 माह में ईआरसीपी के कुछ बांधो पर पानी आने लग गया है इसके अतिरिक्त भरतपुर में जिस तीव्र गति से अंकुश लगा है। वो जनता स्वयं अपने मुह से बोलने लगी है। साईबर व अन्य अपराधी भय के माहौल में जीने को मजबूर हो रहे हैं।

## जरूरी खबर

### पुलिस बस से कूदकर भागे 4 बदमाश, पकड़े गए



**जयपुर।** राजधानी में रविवार को 4 बदमाश पुलिस कस्टडी से भाग निकले। कोर्ट में पेश करने ले जाते समय चारों बदमाश बस के इमरजेंसी गेट खोलकर भाग निकले। पुलिस ने 2 बदमाशों को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि 2 बदमाशों को 2 किलोमीटर पीछा कर पकड़ लिया। इन बदमाशों ने पुलिस से बचने के लिए नाले में छलांग लगा दी थी। एसएचओ प्रताप नगर मुनेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस रविवार दोपहर चोरी-नकबजनी के सातों आरोपियों सहित 11 बदमाशों को कोर्ट में पेश करने पुलिस बस से जा रही थी। टोंक फाटक के पास चलती 4 बदमाश पुलिस बस का इमरजेंसी गेट खोलकर कूद गए। एसआई सुरेंद्र कुमार और एएसआई रामकिशोर ने बस में सवार बदमाशों को संभाला।

### महिला की गला दबाकर हत्या, आरोपी हिरासत में

**जयपुर।** राजधानी के जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में गला दबाकर महिला की हत्या करने का मामला सामने आया है। महिला के आंख-मुंह से खून निकल रहा था। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव सोमवार को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी वीरेंद्र को हिरासत में ले लिया गया है। घटना जयसिंहपुरा खोर में जोगियों की ढाणी की है। जयसिंहपुरा खोर थाना अधिकारी ने बताया कि मृतक महिला की पहचान टोंक निवासी लाली देवी के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया अंदेशा जताया जा रहा है कि गला दबाकर महिला की हत्या की गई है। महिला का ससुराल टोंक में है और वह जयसिंहपुरा खोर की जोगियों की ढाणी में परिवार से अलग रह रही थी। कुछ दिन पहले ही कमरा किराए पर लिया था। महिला के साथ मध्य प्रदेश निवासी वीरेंद्र कुशवाह भी रह रहा था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**राजभवन में तेलंगाना स्थापना दिवस मनाया, राज्यपाल ने स्थानीय लोगों से किया संवाद**

# संविधान सर्वोच्च, अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी रहें सजग

**बेधड़क** | जयपुर

राजभवन में रविवार को तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए तेलंगाना के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनसे संवाद भी किया।

राज्यपाल मिश्र ने इस दौरान स्थानीय लोगों से तेलंगाना के इतिहास की चर्चा करते हुए इस प्रदेश को पर्यटन की दृष्टि से भी समृद्ध बताया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना शब्द का इस्तेमाल निजामों ने अपने राज्य के मराठी भाषी क्षेत्रों से इसे अलग करने के लिए किया था।

### तेलंगाना ऐतिहासिक दृष्टि से समृद्ध

राज्यपाल ने कहा कि तेलंगाना ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत समृद्ध प्रदेश है। हैदराबाद तेलंगाना का सबसे विशाल और सबसे अधिक आबादी वाला शहर है और यह दक्षिण-मध्य आंतरिक भारत का प्रमुख शहरी केंद्र है। उन्होंने युवा राज्य तेलंगाना में नवाचार और उद्यमिता के प्रयासों की सराहना की तथा इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना की।



### हमारे यहां एकता का भाव

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने के पीछे भावना यही है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की सोच से हम सभी जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में भाषाई, रहन-सहन, खान-पान की विविधता के बाद भी हमारे यहां एकता का भाव है। इसी से समरसता का निर्माण होता है। उन्होंने संविधान को सर्वोच्च बताते हुए अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया।

### संविधान जीवन मूल्यों का जीवंत दस्तावेज

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि संविधान भारतीय जीवन मूल्यों का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों की चर्चा करते हुए कहा कि इनमें भारत के इतिहास और संस्कृति के साथ उदात्त जीवन मूल्यों का ओज समाया हुआ है। इस अवसर पर तेलंगाना के स्थानीय लोगों ने राजस्थान के अपनत्व भरे वातावरण की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल तथा प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

**वन विभाग के नए मुखिया अरिजीत बनर्जी एक्टिव मोड में... बोले-**

# अफसर करेंगे फील्ड में पेट्रोलिंग डिजिटल प्लेटफार्म पर होंगे काम

**बेधड़क** | जयपुर

वन विभाग के नए मुखिया अरिजीत बनर्जी ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही वन विभाग को पेपरलैस बनाया जाएगा। बनर्जी पदभार संभालने के साथ ही एक्टिव मोड में आ गए हैं।

उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर प्रदेश में वन्य जीवों के संरक्षण के साथ डिजिटल वर्क को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि वन विभाग में जो काम पेपर पर होता है, वह डिजिटल प्लेटफार्म पर किया जाए। वन विभाग एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, ट्रांसपोर्ट, पुलिस समेत सरकार के सभी विभागों विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम करेगा, ताकि बिजली की लाइन, सड़क, सीवरेज लाइन जैसे मूलभूत प्रोजेक्ट्स के लिए जनता को ज्यादा इंतजार ना करना पड़े।

**अवैध खनन रोकने के लिए चलाया जाएगा संयुक्त अभियान**





### जमीन से लेकर पेड़ पौधों की सारी जानकारी एक जगह लाने की कोशिश

ग्राउंड वाटर से लेकर वन्य जीवों की जानकारी, जमीन से लेकर पेड़ पौधों की जानकारी सभी एक जगह एक डोमेन में लाने की कोशिश करेंगे। ऐसे वन विभाग को किसी भी तरह का फैसला लेने में कम वक्त लगेगा, क्योंकि सभी अधिकारियों के पास एक क्लिक में सही और सटीक जानकारी उपलब्ध होगी।

### हमलों से डर कर पीछे नहीं हटेंगे

उन्होंने कहा कि राजस्थान में अवैध खनन की घटनाएं दिनों-दिन बढ़ रही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए हम वन विभाग और जिला प्रशासन के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाएंगे। प्रदेश में जिस तरह से अवैध खनन रोकने के दौरान वन विभाग के कर्मचारियों पर पथराव हुआ है। उनकी गाड़ियों को तोड़ दिया गया है। हम उससे डर कर पीछे नहीं हटेंगे, बल्कि और ज्यादा मजबूती से अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करेंगे, ताकि प्रदेश के वन और वन्य जीवों को सुरक्षित रखा जा सके।

### कामकाज में टेक्नोलॉजी की ज्यादा मदद लें

अरिजीत बनर्जी ने कहा कि जंगल, वहां रहने वाले जानवरों को संरक्षित और लोकल कम्युनिटी को सुरक्षित रखना ही हमारी प्राथमिकता है। देश में आज जिस तरह से टेक्नोलॉजी आगे बढ़ रही है। मैं चाहूंगा कि वन विभाग के कामकाज में भी टेक्नोलॉजी की और ज्यादा मदद ली जाए, ताकि सहूलियत से सही दिशा में समय रहते काम हो सके।

### ग्राउंड की और बेहतर मॉनिटरिंग होगी

बनर्जी ने कहा कि राजस्थान में भी लगातार वन्य जीवों की तस्करी की घटनाएं सामने आ रही है, जिसे रोकने के लिए अब विभाग के कर्मचारियों के साथ अधिकारी भी फील्ड में तैनात होंगे। अब से ऑफिसर्स भी ग्राउंड पर पेट्रोलिंग पर जाएंगे, ताकि ग्राउंड की और बेहतर मॉनिटरिंग हो सके। बता दें कि अरिजीत बनर्जी ने हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स (HOFF) का पदभार संभाल लिया है। पिछले महीने 27 मई को अरिजीत बनर्जी को हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स बनाए जाने के आदेश हुए थे। बनर्जी 1991 बैच के आईएफएस अधिकारी है, ऐसे में बनर्जी इस पद पर अक्टूबर 2026 तक रहेंगे।

**रामायण महायात्रा निकली**

# 11 हजार शालिग्राम जी लेकर राधा स्वरूप में निकली महिलाएं



**बेधड़क** | जयपुर

छोटी काशी में रविवार को रामायण यात्रा का आयोजन किया गया। वेद स्वाध्याय पीठ के बटुकों (विद्यार्थियों) ने रामचरितमानस को सिर पर धारण कर नगर परिक्रमा की। इस दौरान ऊंट, घोड़े और हाथी का शाही लवाजमा रामायण यात्रा के आगे चला, वहीं राधा स्वरुप में 21 महिलाएं अपने सिर पर नेपाल गंडकी नदी से आए 11 हजार शालिग्राम जी को रखकर यात्रा में चलीं।

वेद स्वाध्याय पीठ के अध्यक्ष आचार्य योगेश पारीक ने बताया कि राम परिवार की जीवंत झांकी सजाते हुए आगे बाहुबली हनुमान जी के नेतृत्व वानर सेना चली। इस नगर परिक्रमा के दौरान बटुकों और राम दरबार पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। साथ ही जगह-जगह दीपकों से महाआरती की गई। उन्होंने बताया कि गुरुकुल के 27 दिन चलने वाले ग्रीष्मकालीन शिविर में धर्म, संस्कृति, संस्कार, वेद और मंत्रों की शिक्षा दी जाती है। साथ ही बच्चों को हिंदू धर्म से जुड़ी पौराणिक जानकारियों को भी साझा किया जाता है। रविवार को एकादशी होने के चलते भगवान श्री राम के जीवन चरित्र पर आधारित रामायण ग्रंथ को सभी बच्चों ने अपने सिर पर धारण कर नगर परिक्रमा की।

**राजस्थान धाकड़ महासभा की नई कार्यकारिणी गठित**

# राजनीतिक-सामाजिक दलों में समन्वय पर जोर


**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान धाकड़ महासभा की रविवार को दुर्गापुरा जयपुर साधारण सभा की बैठक में सर्वससम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें डॉ. प्रहलाद धाकड़, प्रोफेसर हेल्थ यूनिवर्सिटी को अध्यक्ष, नगर निगम ग्रेटर पार्षद शेर सिंह को महामंत्री और राजेश नागर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है।

बैठक में मुख्य अतिथि संस्थापक अध्यक्ष और कोटा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बीएल वर्मा रहे। उन्होंने कहा कि धाकड़ समाज के उत्थान की चर्चा शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, सामाजिक समानता के क्षेत्र में हो रही है। बैठक में कोटा, झालावाड़, बारां समेत अन्य जिलों से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समाज से संबंधित विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। खासतौर पर राजनीतिक और सामाजिक दलों के बीच समन्वय को मजबूत करने की दिशा पर जोर दिया। साथ ही, सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए नए कार्यों और योजनाओं की चर्चा भी हुई। इस बैठक के माध्यम से समाज की राजनीतिक स्थिति में सुधार के लिए नई दिशा में कदम उठाए जाने को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. प्रहलाद धाकड़ ने कहा कि प्रदेश स्तरीय संगठन होने के नाते हमें संगठित होकर चलना होगा। प्रदेश के कोने-कोने से समाज के लोगों को जोड़ना है। इसे ग्रासरूट लेवल पर लेकर जाना है। आगामी दिनों में संस्थापक सदस्यों से चर्चा कर नई कार्यकारिणी का विस्तार होगा। इसके बाद प्रदेश स्तरीय अधिवेशन को लेकर योजना तैयार की जाएगी।




## श्याम दरबार सजाया



*म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था द्वारा अपरा एकादशी पर श्याम पार्क 113 सेक्टर अग्रवाल फार्म में श्याम भजन संध्या आयोजित की गई। संस्था के अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कि बाबा श्याम का अनुपम श्रृंगार कर नौका विहार की झांकी सजा कर शीतलता प्रदान करने वाले फलों का भोग लगाया। भजन संध्या में बाबा श्याम का शीश एकादशी के उपलक्ष्य में श्याम बाबा के शीश की पूजा मंडल परिवार के द्वारा की गई।*

**एडहॉक कमेटी की बैठक में 5 को होगा फैसला**

# राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव का जल्द हो सकता है ऐलान

**10 जून से पहले क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी द्वारा की जा सकती है आरसीए चुनाव की तारीख**

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव का ऐलान जल्द हो सकता है। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद 5 जून को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी की बैठक होगी। इसमें राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव की तारीख पर मंथन किया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि 10 जून से पहले एडहॉक कमेटी आरसीए चुनाव का ऐलान कर सकती है।

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी के संयोजक और भाजपा विधायक जयदीप बिहानी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद 5 जून को एडहॉक कमेटी की बैठक बुलाई गई है।

इसमें कमेटी के सभी सदस्यों से राजस्थान में होने वाले टूर्नामेंट और आरसीए चुनाव प्रक्रिया पर मंथन करेंगे। बैठक में सर्वसम्मति बनने के बाद चुनाव की तारीख पर फैसला होगा।

### संघ यह चाहते हैं जल्द से जल्द चुनाव

डूंगरपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुशील जैन ने कहा कि प्रदेशभर के जिला क्रिकेट संघ यह चाहते हैं कि जल्द से जल्द राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव का आयोजन हो, ताकि प्रदेशभर में रुकी क्रिकेट गतिविधियों का सुचारू रूप से फिर से संचालन हो पाए। क्योंकि, एडहॉक कमेटी के पास पर्याप्त फंड नहीं है। इसके कारण आरसीए की घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं हो पा रहा है, जिसका नुकसान प्रदेश के खिलाड़ियों को उठाना पड़ रहा है।




### जून में प्रस्तावित हैं आरसीए के चुनाव

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन भंग होने के बाद एडहॉक कमेटी का गठन हुए लगभग 2 महीने का वक्त बीत गया है, जबकि एडहॉक कमेटी का कार्यकाल 90 दिन का ही होता है। ऐसे में जून महीने के आखिरी सप्ताह तक (28 जून पहले तक) एडहॉक कमेटी को चुनाव प्रक्रिया पूरी कर नई कार्यकारिणी का गठन करना होगा। ऐसे में लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आने के साथ ही राजस्थान क्रिकेट में सियासी पारा बढ़ सकता है।

## जरूरी खबर

### संभागीय आयुक्त ने किया गोशाला का दौरा



**डूंगरपुर।** बांसवाड़ा संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज कुमार पवन ने रविवार को डूंगरपुर जिले में वमासा स्थित गोशाला का निरीक्षण कर गायों का पूजन किया। उन्होंने गायों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद संभागीय आयुक्त ने वमासा में निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण कर आम जन तक पानी पहुंचाने के निर्देश दिए। डॉ. पवन ने वमासा स्थित पानी के तालाब का निरीक्षण कर जल की उपलब्धता और सिंचाई इत्यादि की भी जानकारी ली।

### मतगणना के लिए 14-14 टेबलें लगाई जाएंगी

**सीकर।** लोकसभा आम चुनाव के मतों की गणना के लिए श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय के विभिन्न कमरों में विधानसभा वार मतगणना के लिए 14-14 टेबलें लगाई जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ (33) में मतगणना के लिए कमरा नम्बर 78, धोद (34) में कमरा नम्बर 31, सीकर (35) में कमरा नम्बर 108, दांतारामगढ़ (36) में 30, खण्डेला (37) में कमरा नम्बर 102, नीमकाथाना (38) में कमरा नम्बर 73, श्रीमाधोपुर (39) में कमरा नम्बर 64, चौमूं (43) में कमरा नम्बर 40 में मतगणना के लिए 14-14 टेबलें लगाई जाएगी।

### पीएचईडी एसई ने किया टैंकरों का औचक निरीक्षण



**डूंगरपुर।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देश पर अनिल कछवाहा अधीक्षण अभियंता डूंगरपुर ने रविवार को जिले में टैंकर से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। अधीक्षण अभियंता ने उपखंड बिछीवाड़ा के अधीन ब्लॉक झोंथरी के ग्राम बिच का फला, हड़मत फला, कन्थार फला , मडकोला फला, मोडीया फला, तालाब फला तथा ग्राम पंचायत पाडली गुजरेश्वर के ग्राम पाडली गुजरेश्वर,डूंगेला तालाब, गड़ारोदा, जिबेली का बांटा, लांबा खूंटा, पाडलीवासिया, पाडली उदारत एवं पाडली वीरसिंह में टैंकर द्वारा पेयजल वितरण कर रहे टैंकरो का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान पीएचईडी अभियंता मौजूद रहे।

## अपना घर आश्रम में लावारिस और असहाय लोगों के बनाए जा रहे हैं आधार कार्ड

# 2 हजार को मिली नई पहचान, योजनाओं का मिलेगा लाभ

**बेधड़क** | भरतपुर

अपनों से बिसराए या लावारिस, असहाय लोगों को अब कागजों में नया ठिकाना और पहचान मिलने की उम्मीद बंधी गई है। इसके लिए संभाग में अपना घर आश्रम में रहने वाले निराश्रित लोगों के अब आधार कार्ड तैयार करवाए जा रहे हैं।




इन कार्डों से अब यहां रहे लोगों को भी सरकारी योजनाओं को लाभ मिल सकेगा। खास बात ये भी हैं कि इन सभी आधार कार्ड में उनका मूल पता अपना घर आश्रम दर्ज किया जा रहा है। इतना ही नहीं जिनके परिजनों के बारे में अभी तक पता नहीं चला है, ऐसे लावारिस प्रभुजनों के पिता के रूप में अपना घर आश्रम के संस्थापक डॉ. बी एम भारद्वाज का नाम लिखा जा रहा है। इससे अब आश्रम के प्रभुजनों को जहां सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा, वहीं समाज की मुख्य धारा के साथ जुड़ सकेंगे।

जल्द ही आश्रम के अन्य 4 हजार प्रभुजनों का भी आधार तैयार किया जाएगा।

### उपचार तक में भी आ रही थी दिक्कत

आश्रम के संस्थापक डॉ. बीएम भारद्वाज ने बताया कि अभी आश्रम में निवासरत प्रभुजनों के आधार कार्ड नहीं थे। कई सैकड़ों प्रभुजन का तो नाम तक नहीं पता। जिसकी वजह से प्रभुजनों को कई सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा था। यहां तक की सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भी कोई पहचान वाला कागज उपलब्ध नहीं था। ऐसे में उन्हें पहचान देने के लिए प्रशासन के सहयोग से आधार कार्ड तैयार किए जा रहे हैं।

### संस्थापक BM भारद्वाज को दिया पिता का दर्जा

डॉ. भारद्वाज ने बताया कि अब तक आश्रम में निवासरत 2 हजार प्रभुजनों के आधार कार्ड तैयार हो गए हैं। बाकी करीब 4 हजार प्रभुजन के भी आधार कार्ड तैयार करवाने की प्रक्रिया चल रही है। जिन प्रभुजन का नाम, पता और पहचान नहीं है उनका आश्रम की ओर से ही नामकरण किया जाता है। यहां तक कि सभी प्रभुजन का पता भी अपना घर आश्रम दर्ज किया जा रहा है। जिन बच्चों या प्रभुजन के पिता का नाम नहीं पता उनके पिता के रूप में आश्रम संस्थापक डॉ. बीएम भारद्वाज का ही नाम लिखा जा रहा है।

### तकनीकी दिक्कतों के समाधान की मांग

डॉ. भारद्वाज ने बताया कि प्रभुजन के आधार कार्ड तैयार करवाने में कई कानूनी और तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही हैं। जैसे कि आधार के वेरिफिकेशन के लिए मोबाइल नंबर चाहिए। एक मोबाइल नंबर को तीन-चार आधार के साथ ही लिंक कराया जा सकता है। जबकि आश्रम में रहने वाले प्रभुजनों के पास कोई मोबाइल नहीं होता। जिसकी वजह से काफी परेशानी हो रही है। डॉ. भारद्वाज ने बताया कि इस संबंध में जिला कलेक्टर से मिलकर इस तरह की संस्था के लिए कोई अलग से विकल्प तैयार करवाने का निवेदन करेंगे। गौरतलब है कि अपना घर आश्रम की वर्ष 2000 में स्थापना हुई थी। वर्ष 2000 में आश्रम एक बीघा जमीन पर संचालित था। उस समय डॉ. भारद्वाज दंपती 6 कमरे के आश्रम में 23 प्रभु जी (असहाय, बेसहारा लोग) की सेवा करते थे, लेकिन आज नेपाल समेत देश भर में आश्रम की 60 शाखाएं संचालित हैं। अपना घर आश्रम की सभी शाखाओं में 12 हजार से अधिक प्रभुजन निवासरत हैं।

## जोधपुर में देर रात दो मकानों में चोरी, 30 तोला सोना व नकदी चोरी

# बढ़ने लगी चोरियां, पीड़ितों में पुलिस प्रति फैला आक्रोश

**बेधड़क** | जोधपुर

प्रदेशभर में इन दिनों चोरी की घटनाएं दिनों दिन बढ़ने लगी है। प्रदेश के कई जिलों में पिछले सप्ताहभर में कई चोरी वारदातें सामने आई है। इसको लेकर पीड़ितों में पुलिस के प्रति रोष है तो वहीं सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

जोधपुर ग्रामीण के खेड़ापा थाना क्षेत्र के सेवकी कला गांव में शनिवार देर रात चोरी का मामला सामने आया है। चोर मकान से सोने चांदी के आभूषण और नगद रूपए चुराकर ले गए। घटना का पता चलने के बाद रविवार सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली के विरोध में धरना देना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन चोरी की वारदातें हो रही है, लेकिन पुलिस आरोपियों को पकड़ नहीं पा रही है। उन्होंने पुलिस की गाड़ी का घेराव भी कर दिया। गांव के दो मकानों में बीती रात को चोरों ने सेंधमारी की। चोर दोनों जगहों से करीब 30 तोला सोना, 2 किलो चांदी व 2 लाख रूपए नगद चुराकर ले गए। इसका पता चलने पर सुबह ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। पुलिस के पहुंचने पर उन्होंने पुलिस का घेराव करते हुए क्षेत्र में हो रही चोरियों को लेकर पुलिस के समक्ष विरोध जताया। चोरों ने मकान के कमरे में बनी संदूक को तोड़कर उसमें रखे गहने व नगद रूपए चुरा लिए। गांव वालों ने पुलिस के समक्ष विरोध जताया। कहा पिछली बार भी गांव में चोरी हुई थी। जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। इस पर मौके पर पर मौजूद पुलिसकर्मी ने ग्रामीणों को जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया।



### चोरों की तलाश में जुटी टीमें

खेड़ापा थाना अधिकारी लाखाराम ने बताया कि सेवकी कला गांव में विकास व भंवरलाल के मकान में शनिवार रात नकबजनी की वारदात हुई थी। जिसमें चोर मकान से सोने चांदी के आभूषण चुराकर ले गए थे। चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं डॉग स्क्वायड टीम, एमओयू टीम को भी बुलाया गया। ग्रामीणों का चोरी को लेकर आक्रोश था जिन्हें समझाइश कर शांत किया गया।

### 2.95 लाख की लूट के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

सीकर के दादिया थाना पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 3 महीने पुराने लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, 17 फरवरी को सीकर के दादिया थाने में रणवीर सिंह ने रिपोर्ट देकर बताया था कि वह 16 फरवरी की रात करीब 10:15 बजे के लगभग भादवासी होते हुए झीगर जा रहा था। रास्ते में खड़े तीन लोगों ने पहले उसकी बाइक को रूकवाया और फिर 2.95 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच शुरू की। पुलिस ने पहले मामले में पीड़ित के सहयोगी भरत, मोहम्मद समीर, सुल्तान को गिरफ्तार किया। जिनकी निशानदेही के आधार पर आज मामले में अन्य 2 आरोपी शकील(20) पुत्र रफीक निवासी फतेहपुर रोड और मोहम्मद शाहिद(20) पुत्र रफीक निवासी जगमालपुरा फाटक को सीकर से पकड़ा है।

### शादी में गया था परिवार, चोरों ने किया हाथ साफ

**सीकर।** उद्योग नगर इलाके में चोरी की वारदात में बंद मकान को निशाना बनाया गया। चोर मकान से जेवरात और हजारों रुपए की नगदी चुराकर ले गए। फिलहाल पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। जनता कॉलोनी निवासी विजय सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट देकर बताया है कि वह अपने गांव शादी में गए हुए थे। पीछे से चोरों ने उनकी मकान से एक सोने की चेन, एक मंगलसूत्र सहित अन्य जेवरात और 27 हजार रुपए की नगदी चुरा ली। अब वापस लौटने पर उन्हें चोरी का पता चला। विजय सिंह के अनुसार उनके मकान के एक तरफ खुला एरिया है। ऐसे में अंदेशा है कि चोरी उसी साइड से मकान में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

## पूगल में 21 में 20 डॉक्टर मिले नदारद

# मुख्यमंत्री के एक्शन के बाद बीकानेर का हेल्थ डिपार्टमेंट एक्टिव

■ नए सीएमएचओ नाप रहे गांव-गांव

**बेधड़क** | बीकानेर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीकानेर के सीएमएचओ को एपीओ करने की सख्त कार्रवाई के बाद जिले का स्वास्थ्य महकता एक्टिव मोड पर आ गया है। कार्यवाहक सीएमएचओ दो दिन से ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों को नाप रहे हैं। खास बात ये है कि रविवार को पूगल के सरकारी अस्पताल में लगाए गए। मेडिकल कॉलेज के 21 में से बीस डॉक्टर सीट पर नहीं थे। अब इनको नोटिस देने क तैयारी की जा रही है।

रविवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार गुप्ता और ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. मुकेश कुमार मीणा ने खाजूवाला और पूगल के विभिन्न चिकित्सा संस्थानो का औचक निरीक्षण किया गया। उप जिला अस्पताल पूगल में निरीक्षण के दौरान हीट वेव संबधित वॉर्ड में कमियां पाई गई जिन्हे तुरन्त प्रभाव से दुरस्त करवाने के निर्देश दिए गए। यहां एक चिकित्सक के अलावा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सहित सभी चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। संस्थान में 2 नर्सिंग अधिकारी के अलावा



यूटीबी और नियमित सभी नर्सिंग अधिकारी अनुपस्थित थे। जिन्हे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। पीबीएम चिक्तिसालय से कार्यरत 21 रेजिडेंट डॉक्टर्स में से केवल एक उपस्थित था, जबकि शेष 20 अनुपस्थित थे। इस बारे में पीबीएम अस्पताल अधीक्षक को दूरभाष पर सूचना दी गई और पत्र भेजकर उक्त के सम्बंध में सूचित किया गया। संस्थान की लेब सुचारू नही पाई गई। खाजूवाला के अस्पताल में लेबर रूम में साफ़ सफाई का अभाव पाया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दंतौर में चिकित्सा अधिकारी अवकाश पर मिले। जिनका अवकाश निरस्त कर ज्वाइन करने हेतु निर्देष दिए गए। एक कंप्यूटर ऑपरेटर और फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए। जिन्हे कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

## आमजन को इको फ्रेंडली कैरी बैग के लिए किया जागरूक

# जिला कलेक्टर ने इकोफ्रेंडली कैरी बैग का किया विमोचन

**बेधड़क** | जालोर

विश्व पर्यावरण दिवस 2024 को लेकर क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल सिरोही के तत्त्वावधान में जालोर जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत रविवार को जिला कलक्टर पूजा पार्थ ने इकोफ्रेंडली कैरी बैग का विमोचन किया।

जागरूकता अभियान के तहत क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सिरोही के कनिष्ठ पर्यावरण अभियन्ता



शंकरलाल विश्नोई एवं कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी कृष्ण मीणा ने सिंगल यूज प्लास्टिक व प्लास्टिक कैरी बैग की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें कपड़े से बने थैलों का वितरण किया।

उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक व प्लास्टिक कैरी बैग से पर्यावरण पर होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं प्लास्टिक की थैलियों की जगह कपड़े के थैले का उपयोग करने के लिए जागरूक किया तथा लोगों को अपने जीवन में वनीकरण अपनाने एवं धरती का बंजरपन मिटाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की बात कही।

## अवैध बजरी परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई

# 1060 टन बजरी जब्त, दो गिरफ्तार

**बेधड़क** | दौसा

जिले में बजरी खनन को लेकर पुलिस ने खनिज और राजस्व विभाग की टीम के साथ मिलकर अवैध बजरी खनन के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की गई।

तीन विभागों की एक साथ मिलकर कार्रवाई से बजरी माफियाओं में खलबली मच गई। इस कार्रवाई में पुलिस ने 2 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 1 हजार 60 टन बजरी का स्टॉक भी जब्त किया है। जानकारी के अनुसार जिले के बैजूपाड़ा थाना में और मंडवारी



थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग कार्रवाई की गई। बैजूपाड़ा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आए दिन अवैध बजरी खनन को लेकर शिकायत मिली कि बालाहेड़ा बाण गंगा नदी के पास अवैध बजरी खनन को अंजाम दिया जा रहा है। शिकायत पर पुलिस वहां पर पहुंची तो देखा कि बाण गंगा नदी में जेसीबी से बजरी को अवैध तरीके से ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर बाहर भेजा जा रहा था। इस पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर 1060 टन बजरी को जब्त किया। पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर जेसीबी चालक राकेश मीना (33) पुत्र छोटेलाल मीना निवासी बालाहेड़ा और ट्रैक्टर चालक प्रकाश कुमार मीना (45) पुत्र प्रभुदयाल मीना निवासी सांकरवाड़ा टोडाभीम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। एक आरोपी ट्रैक्टर लेकर भागने में कामयाब हो गया। इस दौरान हिरासत में लिए आरोपियों के पास बजरी खनन का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिलने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही दो ट्रैक्टर ट्रॉली और एक जेसीबी को पुलिस ने जब्त किया है।

## हाल ही में दो नन्हे गोडावण के साथ ही नजर आए 6 अंडे


# गोडावण पक्षी के प्रजनन काल की अच्छी शुरुआत, बढ़ने लगा कुनबा

**बेधड़क** | जैसलमेर

प्रदेश के राज्य पक्षी गोडावण के कुनबे के लिए लगातार खुशखबरी आ रही है। बीते सालों जहां गोडावण पूरी तरह से लुप्त होने के कगार पर पहुंच गए थे।

वहीं अब गोडावण की संख्या में लगातार बढ़ोतरी से गोडावण संरक्षण के प्रयासों को बल मिलने लगा है। हाल ही में वॉटर हॉल पद्धति गणना में सुदासरी व रामदेवरा में 64 गोडावण नजर आए थे।

वहीं अब सामने आया कि हाल ही में फील्ड में दो नन्हें गोडावण के अलावा 6 अंडे भी नजर आए हैं। इतना ही नहीं सम ब्रीडिंग सेंटर में 2019 में कलेक्ट किए गए अंडों से निकली मादाएं अब प्रजनन करने



लगी हैं। पूर्व में दो मादा गोडावण अंडे दे चुकी है। हाल ही में कैप्टिव पालित मादा शाकी व टोनी ने भी नन्हें गोडावणों को जन्म दिया है। दोनों चूजे पूरी तरह से स्वस्थ बताए जा रहे हैं।

### दो साल पहले 13 गोडावण आए थे नजर इस बार टूट सकते हैं पिछले सारे रिकार्ड

गोडावण का प्रजनन काल अप्रैल से अक्टूबर तक चलता है। दो साल पहले सर्वाधिक 13 नन्हे गोडावण फील्ड में नजर आए थे। इस बार शुरूआत इतनी अच्छी है कि पिछले सारे रिकार्ड टूट सकते हैं। शुरूआती दो माह में फील्ड में 6 अंडे व 2 नन्हें गोडावण नजर आ चुके हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि आगामी अक्टूबर तक बड़ी तादाद में नन्हें गोडावण नजर आ सकते हैं। वर्तमान में जो भी गोडावण नजर आ रहे हैं, वे डीएनपी क्षेत्र में हैं। यहीं से अंडे भी ब्रीडिंग सेंटर के लिए कलेक्ट किए जा रहे हैं। फील्ड फायरिंग रेंज में गोडावण ज्यादा संख्या में हो सकते हैं। पिछले 6 सालों से वहां गणना नहीं हुई है। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की ओर से जब भी गोडावण की गणना होगी, तब फायरिंग रेंज में मौजूद गोडावणों की संख्या सामने आएगी। सम ब्रीडिंग सेंटर में 36 गोडावण हैं। तो वहीं रामदेवरा ब्रीडिंग सेंटर में अब गोडावण की संख्या 36 हो गई है। 2019 में सम सेंटर की शुरूआत की गई थी। वहीं जुलाई 2023 में रामदेवरा सेंटर की गई थी। कुल मिलाकर अब गोडावण की तादाद लगातार बढ़ रही है। नन्हें व बड़े गोडावण सम सेंटर में और एक से डेढ़ साल उम्र के गोडावण रामदेवरा सेंटर में रखे जा रहे हैं।

### क्लोजर रहता है रहता अनुकूल

विभाग के अधिकारी बताते हैं कि पिछले कुछ सालों से क्लोजर में सुरक्षा बंदोबस्त कड़े कर दिए गए हैं। वर्तमान में 70 से ज्यादा क्लोजर बने हुए हैं। इन क्लोजर में मानवीय दखल बिल्कुल नहीं है। ऐसे में मादा गोडावण को सुरक्षित वातावरण मिलने पर वह प्रजनन करती है। लगातार प्रजनन बढ़ने के पीछे की वजह क्लोजर की सुरक्षा ही है। हाल ही में क्लोजर में लुप्त प्राय गोडावण व रेड हेडेट वल्चर एक साथ नजर आ थे। जो कि क्लोजर की आवश्यकता व महत्ता को दर्शाता है। डेजर्ट नेशनल पार्क के डीएफओ डॉ आशीष व्यास ने बताया कि गोडावण प्रजाति शर्मीली होती है। यह मानवीय दखल के बीच रहना कम पसंद करते हैं। जहां इन्हें सुरक्षित माहौल मिलता है। वहीं पर ही ये प्रजनन करती है। पिछले कुछ सालों में इनकी प्रजनन दर बढ़ी है। इस बार शुरूआत में ही अच्छी तादाद में नन्हें गोडावण व अंडे दिखाई दिए हैं। यह सुखद संकेत है कि आने वाले बारिश के मौसम के बाद बड़ी संख्या में मादा गोडावण प्रजनन कर सकती हैं। इतना ही नहीं ब्रीडिंग सेंटर में पल रही मादा गोडावण भी प्रजनन करने लगी हैं। यह गोडावण संरक्षण की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण है।

### 24 घंटे कर्मचारी करते हैं अंडों की सुरक्षा

आशीष व्यास ने बताया कि डब्ल्यूआईआई के वैज्ञानिकों की देखरेख में यहां गोडावण काफी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उन्हें फील्ड जैसा माहौल उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फील्ड में क्लोजर की सुरक्षा इतनी बढ़ा दी गई है कि गोडावण आसानी से यहां विचरण कर रहे हैं। मादा गोडावण जब अंडा देती है, तो वह खुद उसे सुरक्षा प्रदान करती है। लेकिन जब दिन में दो तीन बार वह पानी पीने जाती है, तब अंडे को कोई अन्य पशु या पक्षी नुकसान न पहुंचा दे। इसलिए विभाग का कर्मचारी 24 घंटे दूर से उसकी निगरानी करते हैं। हर एक अंडे पर एक कर्मचारी तैनात किया जाता है।

हरे कृष्ण मूवमेंट का टैलेंट हंट और पुरस्कार वितरण समारोह

# संस्कृति को समर्पित हरे कृष्ण कल्चर कैंप में बच्चों ने दिखाया टैलेंट

■ पहले बैच का प्रशिक्षण पूर्ण, दूसरा बैच आज से ■ भारतीय म्यूज़िकल इंस्ट्रूमेंट, कथक, भगवद्गीता श्लोक, ड्रामा, कीर्तन, आर्ट क्राफ्ट, थिएटर, ड्राइंग और पेंटिंग का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

बच्चों को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने के साथ उनकी गर्मियों की छुट्टियों को सार्थक बनाने के लिए हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर हर साल श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर जगतपुरा में कल्चर कैंप का आयोजन करता है। इस कैंप में बच्चों को विभिन्न आध्यात्मिक और कलात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाता है। कल्चर कैंप के पहले बैच का शुभारंभ 20 मई को हुआ था, जिसमें बच्चों ने भारतीय म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट, कथक नृत्य, भगवद्गीता श्लोक, ड्रामा, कीर्तन, आर्ट क्राफ्ट, थिएटर, ड्राइंग और पेंटिंग का प्रशिक्षण लिया। कल्चर कैंप के पहले बैच का समापन रविवार को बच्चों के शानदार टैलेंट हंट समारोह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें प्रतिभागी बच्चों ने स्टेज पर सुंदर प्रस्तुतियों देखने के बाद दर्शक भावविभोर हो गए।



### ये रहे अतिथि

मुख्य अतिथि आईआईएस यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. डा. टी. एन. माथुर और ग्लोब ट्रांसपोर्ट के एमडी राम प्रकाश अग्रवाल रहे। हरे कृष्ण मूवमेंट के उपाध्यक्ष अनंत शेष दास भी समारोह में उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



### प्रतिभागी बच्चों को किया सम्मानित

टैलेंट हंट में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उन्हें जीवन में आध्यात्मिक प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्टेज पर परफॉर्म करने के बाद बच्चों के चेहरे पर खुशी और आनंद का अलग ही भाव नजर आया, जिससे सभी बच्चे और उनके अभिभावक बहुत प्रसन्न थे। मंदिर के मीडिया प्रभारी सिद्ध स्वरूप दास ने बताया कि हरे कृष्ण कल्चर कैंप के पहले बैच का बहुत ही सफलतापूर्वक समापन हुआ। बच्चों ने पूरी तल्लीनता से आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने यह भी बताया कि कल्चर कैंप के दूसरे बैच का शुभारंभ सोमवार से हो रहा है और इसका समापन 16 जून को बच्चों के टैलेंट हंट प्रोग्राम के साथ होगा।

## Yuva स्टोरीज



### मिजोरम से आए साइकिल सवार को किया मोटिवेट

**जयपुर**। साइक्लिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिजोरम के वर्ते ने मिजोरम से जयपुर तक का सफर साइकल से तय किया। वे रविवार को जयपुर पहुंचे तो युवाओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और साफा पहनाते हुए मोटिवेट किया। उन्होंने बताया कि मिजोरम राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तहतअखिल भारतीय साइकिल यात्रा कर रहा हूं। राइड को राइड टू क्लीन एयर नाम दिया गया है। जर्नी 25 जनवरी को शुरू की थी, जो अगस्त में पूरी होगी। इसमें 18 राज्यों का सफर तय करूंगा। त्रिपुरा, मेघालय, असम, झारखंड, वेस्ट बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरला, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान शामिल हैं। पूरी जर्नी 16,300 किलोमीटर की है, जिसमें से अभी तक 9900 किलोमीटर तय कर चुका हूं। वर्ते जयपुर के रामाज रिसॉर्ट में रुके, जहां मोहित टेलर, महावीर जैन, बबलू खंडेलवाल ने राजस्थानी परम्परा से स्वागत किया।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया



**जयपुर**। एकता नगर, धावास, हीरापुरा स्थित डीएन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं कक्षा में हाइएस्ट स्कोर करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। संस्था निदेशक बीपी गुर्जर, संतोष देवी गुर्जर और प्रधानाचार्य पिंकी शर्मा ने मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अंजली शर्मा तथा ऋषित कुमावत को 11000 रुपए का चेक, साफा एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही, रक्षित जोशी, ऋषभ कुमावत, यश सैन, एनी कुमावत, प्रिया सुक्रिया, काव्या सांवरिया का भी माला, साफा पहनाकर एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मान किया।




### 32 विद्यार्थियों को संगीत की डिग्री, खिले चेहरे

**जयपुर**। संगीत आश्रम संस्थान की ओर से यहां शाम शास्त्रीनगर स्थित एआरजी ऑडिटोरियम में हुए विशारद उपाधि समारोह में संगीत की तीनों विधाओं( गायन, नृत्य और वाद्य )के स्टूडेंट्स के चेहरे डिग्री पाकर खिल उठे। समारोह के दौरान संस्थान का सालाना जलसा भी हुआ। संगीत निर्देशक अमित अनुपम के निर्देशन में सजे कार्यक्रम में अनेक विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य और वाद्य की सलोनी प्रस्तुतियों में अपने रियाज और तैयारी पक्ष का उम्दा प्रदर्शन कर बड़ी तादाद में मौजूद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। संचालन वीना अनुपम ने किया।



VMOU ने जारी किया PTET 2024 के एडमिट कार्ड जारी

# 9 जून को होगी परीक्षा, 4.28 लाख कैंडिडेट ने किया आवेदन

■ प्रवेश पत्र आधिकारिक वेबसाइट से ऐसे करें डाउनलोड

**बेधड़क** | कोटा

वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी (VMOU) कोटा इस साल प्री टीचर एजुकेशन टेस्ट (PTET) आयोजन करवा रही है। इस परीक्षा के लिए 4.28 लाख कैंडिडेट ने आवेदन किया है। इन सभी कैंडिडेट के एडमिट कार्ड रविवार को वीएमओयू ने जारी कर दिया। दो वर्षीय बीएड व चार वर्षीय बीए व बीएससी बीएड कोर्सेज में प्रवेश के लिए 9 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी।

वीएमओयू के कुलपति प्रोफेसर कैलाश सोडाणी ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी केंद्र पर जिला प्रशासन व पुलिस की कड़ी निगरानी के मध्य परीक्षा आयोजित होगी। पीटीईटी 2024 के कोऑर्डिनेटर डॉ. आलोक चौहान ने बताया कि जिले के अभ्यर्थी अपने ही जिले में परीक्षा देंगे। कैंडिडेट तीन तरीके से अपने एडमिट कार्ड को डाउनलोड कर सकते हैं, जिसमें वह फॉर्म नंबर के जरिए भी एडमिट कार्ड को वेबसाइट से डाउनलोड कर सकता है।

### खास बिंदु

- 1055 केन्द्रों पर होगी परीक्षा।
- सवा चार लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा।
- 9 जून को प्रातः 11 से 2 बजे तक होगी परीक्षा।
- सुबह 10 बजे तक केन्द्र पर पहुंचना होगा।
- सवालों में भ्रम पर हिन्दी वर्जन ही मान्य होगा।
- केन्द्र व जिला स्तर पर रहेगी फ्लाइंग की व्यवस्था।
- जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारी करेंगे चौकसी।
- नेत्रहीनों को श्रुति लेखक के लिए परीक्षा से दो दिन पूर्व केन्द्राधीक्षक को देना होगा प्रार्थना पत्र।
- हर केन्द्र पर नियुक्त किए गए केन्द्र पर्यवेक्षक, बारीकी से करेंगे परीक्षा संचालन का पर्यवेक्षण।




### मशीनों से होगी जांच

चुनिंदा केन्द्रों पर प्रवेश के बाद परीक्षा कक्षों में सभी परीक्षार्थियों की जांच बायोमेट्रिक मशीनों से चेहरे व अंगूठे के निशान के मिलान के बाद किया जाएगा. जिससे अब कोई भी परीक्षार्थी किसी दूसरे की जगह परीक्षा नहीं दे पाएगा. प्रश्न- पत्र में दिए गए सवालों में अगर कोई भ्रम या शंका की स्थिति होने पर हिन्दी में छपा सवाल का वर्जन ही मान्य होगा. परीक्षार्थी एक्जाम के बाद ओएमआर की कार्बन कॉपी व प्रश्न पत्र साथ ले जा सकेंगे. परीक्षा सभी जिलों में प्रशासन और पुलिस की कड़ी चौकसी में आयोजित होगी. प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों की फ्लाइंग स्कॉड केन्द्रों की निगरानी करेंगे।

### प्रदेश के 1055 केंद्र पर होगी परीक्षा

परीक्षा के समन्वयक डॉ आलोक चौहान ने बताया कि दोनों कोर्सेज को मिलाकर राज्य के 4 लाख 28 हजार 242 अभ्यर्थी राज्य के 1055 केंद्र पर परीक्षा देंगे. जिला समन्वयकों ने जिले में केन्द्र निर्धारित कर दिए गए हैं. इस बार सबसे ज्यादा अभ्यर्थी जयपुर में 59335 व सबसे कम जैसलमेर में 2987 परीक्षा देंगे.

### रोल नंबर से भी मिल सकता है प्रवेश पत्र

इसके अलावा अपने रोल नंबर को डालकर भी उसे एडमिट कार्ड मिल सकता है। तीसरी तरीके में उसे जनरल डिटेल्स जिसमें स्वयं, पिता व माता तीनों का नाम और जन्म तिथि डालने पर डाउनलोड हो जाएगा। वेबसाइट www.ptetvmou2024.com से अभ्यर्थी समय से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर प्रिंट कर लें। नेत्रहीन परीक्षार्थियों को श्रुतिलेखक के लिए परीक्षा से दो दिन पूर्व केन्द्राधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देना होगा।

सहायक प्रोफेसर, लाइब्रेरियन और पीटीआई एग्जाम संपन्न

## हाथ में पहने धागे हटाए, कुर्ते की बाहें काटी

**बेधड़क** | कोटा/जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 16 मई से आयोजित की जा रही असिस्टेंट प्रोफेसर, लाइब्रेरियन और पीटीआई परीक्षा-2023 के आखिरी दिन रविवार को कैंडिडेट्स को एक घंटे पहले चैकिंग के बाद एंट्री दी गई। यहां पहुंचे कैंडिडेट्स की ओर से हाथ में पहने धागे हटाए गए और कुर्ते की लम्बी स्लीव को भी कैंची से काटे गए। अजमेर में 221 एवं जयपुर में 418 सहित कुल 639 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे।

इन एग्जाम्स के लिए पहली बार नए नियम लागू किए गए। डमी अभ्यर्थियों की संभावना को रोकने के लिए अभ्यर्थियों की हैंडराइटिंग का नमूना लिया गया है। वहीं अटेंडेंस शीट पर अभ्यर्थी की स्पष्ट और पासपोर्ट साइज से डेढ़ गुना बड़ी फोटो प्रिंट की गई।

आयोग द्वारा जारी एडमिट कार्ड के साथ अटेंडेंस शीट भी संलग्न थी। इस शीट को परीक्षा केंद्र पर वीक्षक अभ्यर्थी की पहचान कर स्वयं के, केंद्राधीक्षक एवं अभ्यर्थी के हस्ताक्षर करवाकर प्रवेश-पत्र से अलग कर केंद्र पर जमा किया गया।

स्पंदन संस्थान का कार्यक्रम...

## रेणु चन्द्रा माथुर की तीन पुस्तकों का लोकार्पण



**बेधड़क** | जयपुर

स्पंदन महिला साहित्यिक एवं शैक्षणिक संस्थान जयपुर के कार्यक्रम में रेणु चन्द्रा माथुर की तीन पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। जिनमें कहानी संग्रह विश्वास की धूप, कविता संग्रह यादों के पंख और यात्रा वृतांत सपनों का कैनवास शामिल हैं।

लोकार्पण स्पंदन अध्यक्ष नीलिमा टिक्कू, मुख्य अतिथि प्रो. प्रबोध कुमार गोविल, अध्यक्ष नन्द भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि प्रो. कुसुम शर्मा, डॉ.संगीता सक्सेना ने पिंकसिटी प्रेस क्लब में किया।

कार्यक्रम का आगाज डॉ. शीताभ शर्मा की मधुर सरस्वती वंदना से हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए स्पंदन की अध्यक्ष नीलिमा टिक्कू ने कहा कि देश-विदेश से पुरस्कृत लेखिका रेणु चंद्रा माथुर एक संवेदनशील लेखिका हैं। मानवीय मूल्यों और सामाजिक सम्बंधों को सहेजती इनकी कहानियां रोचकता के साथ कहीं पाठकों की आंखें नम करती हैं, तो कहीं सुखद जीवन जीने के सकारात्मक संदेश देती हैं। जीवन के दर्द को बयां करती इनकी कविताएं पाठकों के मन को छूने में पूरी तरह से सक्षम हैं। यात्रा वृतांत की किताब इतनी रोचक है कि पढ़ते समय पाठक भी इनके साथ साथ विदेश की उन जगहों- लंदन के रमणीक स्थल और यूरोप की सैर करने लगता है। अब तक इनकी साहित्य की विभिन्न विधाओं पर आठ पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। लेखिका रेणु चंद्रा माथुर ने कहा कि मेरी कहानियां समाज की व्यथा को दर्शाती हुई राह दिखाती हैं। उन्होंने अपनी मार्मिक कविता-"पतझड़ का मौसम" सुनाई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. प्रबोध कुमार गोविल ने लेखिका के यात्रा वृतांत सपनों का कैनवास पर वक्तव्य देते हुए उसे एक महत्वपूर्ण किताब बताया जो बहुत तसल्ली से मनोयोग पूर्वक लिखी गई है। विशिष्ट अतिथि प्रो. कुसुम शर्मा और डॉ. संगीता सक्सेना ने लेखिका के कहानी संग्रह और कविता संग्रह की नीर-क्षीर समीक्षा की।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में स्पंदन सदस्य डॉ.कविता माथुर, डॉ. नेहा पारीख, सुशीला शील राणा और निरूपमा चतुर्वेदी ने रेणु चंद्रा माथुर की कविताओं मौन, "रेत का समंदर,, हरा सपना, अब भी.. , तू कहा जा रहा है, स्त्री हूं मैं , यह मैं जानती हूं... का पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नन्द भारद्वाज ने कहा कि रेणु मानवीय संवेदनाओं और रिश्तों को सहेजती कथाएं रचती हैं, जो जीवन में संयम के साथ बेहतर विकल्प चुनने की प्रेरणा देती हैं। अतिथियों का आभार सचिव माधुरी शास्त्री ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा साहित्यकार सुनीता विश्नोलिया ने किया।

**नया दृष्टिकोण शिविर** भवानी निकेतन में आयोजित शिविर का 3 जून 2025 को पुन: मिलने के वादे के साथ समापन

# अनुशासन अपनाएं और समाज में अच्छा संदेश दें: परमालय

■ परमालय का प्रमुख लोगों ने मंच पर किया सम्मान ■ सुबह, दोपहर और सायंकाल के भोजन का बताया डिजाइन

**बेधड़क** | जयपुर

हमारा जीवन अनुशासन से चलता है। जीवन में कुछ भी काम करना होगा तो उसके लिए अनुशासन बहुत जरूरी होता है। यदि हम स्वयं अनुशासन में रहेंगे तो ही हमारे घर का हर सदस्य अनुशासन में रहेगा। हम अनुशासन में रहकर छोटे बड़ों को फॉलो करते हैं। अनुशासन से ही व्यापार चला सकते हैं, अनुशासन से ही शरीर ठीक रख सकते हैं, अनुशासन से ही अपना परिवार व्यवस्थित रूप से चला सकते हैं। हर चीज में सफलता के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। यह बात रविवार प्रातः भवानी निकेतन परिसर सीकर रोड में आयोजित नया दृष्टिकोण वाले शिविर में सन टू ह्यूमन के प्रमुख परमालय ने कहीं। शिविर के अंतिम दिन परमालय ने मंच से परिसर में मौजूद हजारों लोगों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया और अनुशासन को जीवन में अपनाएं और घर, परिवार, समाज में अच्छा संदेश दे यह बात जोर देते हुए कही। इस मौके पर संजय माहेश्वरी अजय मित्तल, कमल सोमानी, नरेंद्र वेद, आलोक तिजारिया, राजेश नागपाल, बिल्ला प्रणामी और राजेश नागपाल ने भी परमालय का साफा और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। शिविर के आयोजन में मुख्य सहयोगी कोगटा फाउंडेशन के राधा किशन कोगटा एवं जीनस ग्रुप के आईसी अग्रवाल, नीमच से आए शिव, कोलकाता से आदित्य निमानी ने भी परमालय का साफा, दुपट्टा और माला पहना कर अभिनंदन किया। साधकों में परमालय से मिलने के लिए लोगों में उत्सुकता दिखी। समय का अभाव होने के कारण उन्होंने मंच से ही सबका आभार जताया है और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच विदाई ली। उपस्थित हजारों लोगों ने उनका स्वागत करते हुए पुनः शिविर लगाने का आग्रह किया।




### ऐसा होना चाहिए हमारा भोजन

भोजन के बारे में बताते हुए परमालय ने कहा कि सुबह सबसे पहले हम जो ब्रेकफास्ट ईमानदारी से करना चाहिए। सुबह का ब्रेकफास्ट एल्कलाइन होना चाहिए, क्योंकि सुबह सूरज की किरणें बहुत तेज नहीं होती और दोपहर का भोजन स्ट्रॉन्ग एसिडक होना चाहिए। दोपहर में सूर्य की किरणें सबसे ज्यादा तेज होती है और वह स्ट्रॉन्ग एसिड और स्ट्रॉन्ग एल्कलाइन को पचा सकती है। उन्होंने लार से जुड़े हुए सूत्रों को बताते हुए कहा कि जैसे दाल-चावल को साथ में नहीं खाना चाहिए, उनकी लार अलग-अलग होती है शाम को पेय पदार्थ का ही उपयोग करना चाहिए। नहीं तो फलों का उपयोग भी कर सकते हैं। फिर भी, ज्यादा आवश्यकता हो तो लौकी से बने पदार्थ ले सकते हैं। क्योंकि शाम को सूर्यास्त का समय होता है और सूरज की किरणें कमजोर होती हैं। उन्होंने लार को मजबूत करने के सूत्र देते हुए कहा कि हमें दिन में सिर्फ 3 बार ही मुंह झूठा करना चाहिए। एक बार सुबह, एक बार दोपहर को और एक बार शाम को तभी हम अपनी लार को मजबूत कर पाएंगे। सूर्य हमारा परमपिता है और इसी से हम जीवित हैं। इसलिए हमें सुबह सूर्य से पहले जगना चाहिए यह अनुशासन पूर्वक करने से व्यक्ति अपने जीवन को विकसित कर सकता है।

# एग्जिट पोलः वास्तविकता में बदलेंगे अनुमान !




प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार


अंतिम सातवें चरण का मतदान करीब 62 प्रतिशत होने के साथ लोकतंत्र का महायज्ञ समाप्त हो गया। इसी के साथ एग्जिट पोल के बहाने अटकलों का बाजार गर्म हो गया। देश के नामी-गिरामी आठ सर्वेक्षणों ने अनुमान लगाया है कि प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार फिर मोदी सरकार आ रही है। फलोदी समेत अन्य सट्टा बाजार भी इसी अनुमान की पुष्टि करते दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा 400 पार मतगणना के धरातल पर सच होने के करीब है। साफ है, केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 375 से 415 सीटों पर विजयश्री प्राप्त कर सरकार बनाने जा रहा है। इनमें अकेली भाजपा की 300 से ऊपर सीटें होंगी। जबकि इंडिया गठबंधन को अधिकतम 129 से 161 सीटें मिलने की उम्मीद है। इसमें कांग्रेस 52 से 56 सीटें जीत सकती हैं। लोकसभा की कुल 543 सीटें हैं और सत्तारुढ़ होने के लिए 272 सीटों का आंकड़ा जरूरी है। चैनलों के सभी सर्वे राजग को पूर्ण बहुमत दे रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजग को 353 और यूपीए को 91 सीटें मिली थीं। 148 सीटें क्षेत्रीय दल और निर्दलियों के खाते में गई थीं। इस चुनाव में भाजपा को 303 और कांग्रेस को 52 सीटें मिल पाई थीं। 2014 और 19 में किसी भी दल को इतनी सीटें नहीं मिली थीं कि वह लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने का अधिकारी हो जाए। 2024 में भी विपक्ष को इस हालात का सामना करना पड़ सकता है।

ऐसे में एक बार फिर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, मायावती, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव और दक्षिण भारत के विपक्षी दलों को झटका लगने जा रहा है। बेमेल धर्म व जातीय समीकरणों के बूते उप्र में जो सबसे ज्यादा सीटें जीतने की हुंकार अखिलेश और मायावती भर रहे थे, वहां राजग को 69 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस-सपा गठबंधन को 11 सीटों पर संतोष करना होगा। मायावती का इस बार खाता खुलना भी मुश्किल है। साफ है, चुनावी नक्कारखाने में धर्म और जाति की तूती से अब सनातन मतदाता दूर जाता दिखाई दे रहा है। कह सकते है कि प्रियंका गांधी अपनी दादी इंदिरा गांधी की तरह चमत्कारिक व्यक्तित्व के रूप में पेष नहीं आ पा रही हैं और न ही राहुल गांधी का नेतृत्व जनता स्वीकार करने को तैयार है। संतान के मोह में सोनिया गांधी ने कांग्रेस को हाशिए पर डालने का काम कर दिया है। सर्वेक्षणों की मानें तो भाजपा ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और ओडिशा में नवीन पटनायक की बुनियाद हिला दी है। बंगाल में राजग 21 और ओडिषा में 15 सीटें तक लेती दिखाई दे रही है। यही नहीं इस बार भाजपा के लिए दक्षिण के सभी प्रांत स्वागत के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। कर्नाटक में भाजपा की सभी 28 सीटों पर भाजपा बढ़त में है। तमिलनाडू में राजग 4, आंध्रप्रदेष में 20, केरल में 2 और तेलंगाना में 17 सीटें जीत सकती है। इनसे इतर महाराश्ट्र में 29, गुजरात में 26 में से 26, राजस्थान में 20, असम में 11, पंजाब में 3, छत्तीसगढ़ में 11, हरियाणा में 6, बिहार में 33 सीटें मिलने की उम्मीद हैं। झारखंड में भाजपा को नुकसान हो सकता है। पूर्वोत्तर भारत में भी भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। इन अनुमानों में कम्युनिश्ट पार्टियां पूरे देष में अस्तित्व बचाने की लड़ाई तक सीमित रह गई हैं। साफ है, वामपंथ पर दक्षिणपंथ भारी पड़ रहा है।

> *धर्मनिरपेक्षता के पैरोकारों पर सनातन-सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हावी रहा है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल के प्रमुखों ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण भले ही ठुकराया हो, लेकिन भगवान राम की भक्ति सभी ने दिखाई। भाषणों में बहुत ज्यादा धर्मनिरपेक्ष होने का दंभ नहीं भरा। गोया लगता है, अब छद्म धर्मनिरपेक्षता का आवरण टूट रहा है।*

ढाई माह चले इस चुनावी यज्ञ में मतदाताओं ने सात चरणों में तेज गर्मी के बावजूद अपने मत की आहुतियां दीं। हालांकि 2019 की तुलना में सभी चरणों में मतदान कम रहा है। अब 4 जून को वास्तविक नतीजे आएंगे। लेकिन मतदान के बाद एग्जिट पोल सर्वेक्षणों के खुलासे ने साफ कर दिया कि राश्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और मोदी व अमित षाह की युगल जोड़ी जमीन पर रणनीतिक सफलता हासिल करने जा रही है। इस बार मोदी की आक्रामक षैली ने हिंदु वोटों को पूरे देष में जबरदस्त ढंग से धुरवीकृत करने का काम किया है। जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल चुनाव के दौरान भी मुस्लिम तुश्टिकरण की राजनीति का खेल खेलते रहे। आंध्रप्रदेष और कर्नाटक में पिछड़े वर्ग के कोटे में मुसलमानों को आरक्षण देना महंगा पड़ा दिखाई देता है। मोदी ने इस मुद्दे को उछालकर न केवल इन प्रांतों में बल्कि पूरे देष में पिछड़े और अतिपिछडों को अपने संवैधानिक अधिकार के प्रति सचेत कर दिया। नतीजतन इस वर्ग के मतदाताओं ने राजग को झोली भरकर वोट दिए। इस मुद्दे को मोदी ने बंगाल में भी भुनाया। इसी का परिणाम है कि 2019 में मिलीं 18 सीटों की तुलना में भाजपा को यहां 21 से 28 सीटें मिलने तक का अनुमान बता रहे हैं। राम मंदिर, धारा-370 और तीन तलाक जैसे मुद्दों ने सभी वर्ग के मतदाताओं को लुभाया है। दूसरे लाडली बहना, मुफ्त राषन, मुफ्त आवास, हर घर में नल से जल, स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुश्मान योजना और स्त्री सुरक्षा के लिए षौचालय जैसी योजनाओं से मिले लाभ के चलते ग्रामीण मतदाता राजग के पक्ष में खुला खड़ा दिखाई दिया है। स्त्री मतदाता मोदी को चुनने में आगे दिखाई दे रही हैं। अच्छे मतदान ने भी राजग की स्थिति अच्छी बना दी है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## चुनाव नतीजों से पहले भाजपा को मिली अरुणाचल से खुशी

# देश में तर्कसंगत आरक्षण की पहल हो




गजानंद शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार, जयपुर


> *कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन के निशाने पर सरकारी नीतियों से ज्यादा पीएम मोदी रहे। उनके देश के अग्रणी उद्योगपति अडाणी-अंबानी के साथ रिश्तों को लेकर विपक्षी गठबंधन ने पूरे चुनाव अभियान के दौरान सियासी हमला किया। लेकिन पीएम मोदी ने इसे राजग और इंडिया गठबंधन के बीच जुबानी जंग का हिस्सा नहीं बनने दिया।*

लोकसभा चुनाव संपन्न हो गए हैं और पीएम नरेंद्र मोदी नए संकल्प के साथ अपनी ध्यान साधना से लौट आए हैं। उन्होंने जीवन का एक-एक पल देश सेवा में लगाने की बात कही है। ध्यान साधना के बाद पीएम मोदी को पहली खुशखबरी मिल गई है। अरुणाचल प्रदेश में उनकी पार्टी भाजपा ने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी कर ली है। अरुणाचल प्रदेश की सीमा चीन से लगती है और वह चीन की आंखों की किरकरी भी बना हुआ है, इसलिए वहां एक स्थिर व मजबूत सरकार का होना बहुत जरूरी है। ऐसा ही कुछ सिक्किम के साथ है। वहां सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की विशाल बहुमत से सत्ता में वापसी हो गई है। राज्य में राजनीतिक अस्थिरता का कोई खतरा नहीं है। एग्जिट पोल के नतीजों के बाद अरुणाचल प्रदेश में मिला जनादेश भाजपा के लिए मनोबल बढ़ाने वाला है। वह एग्जिट पोल के नतीजों से पहले ही गदगद है। उसको सत्ता में वापसी अब और नजदीक लग रही है।



पीएम मोदी पूरे चुनाव प्रचार अभियान में जिस एक बात के प्रति सर्वाधिक आश्वस्त नजर आए वह उनका अपना तीसरा कार्यकाल ही है। हर चुनाव सभा में वे जनता को यह बताने से नहीं चुके कि वे अपने तीसरे कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था को पांचवें नंबर से तीसरे नंबर पर ले आएंगे। भाजपा के चुनावी रणनीतिकार अमित शाह ने ऐसी व्यूह रचना की कि सारा प्रचार अभियान पीएम मोदी पर केंद्रित हो गया। वो चाहे विपक्ष की ओर से उनकी आलोचना हो या भाजपा की ओर से उपलब्धियों का बखान,चर्चा के केंद्र में पीएम मोदी ही रहे। कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन के निशाने पर सरकारी नीतियों से ज्यादा पीएम मोदी रहे। उन पर देश के अग्रणी उद्योगपति अडाणी-अंबानी के साथ रिश्तों को लेकर विपक्षी गठबंधन ने पूरे चुनाव अभियान के दौरान सियासी हमला किया, लेकिन पीएम मोदी ने इसे राजग और इंडिया गठबंधन के बीच जुबानी जंग का हिस्सा नहीं बनने दिया। पूरे प्रचार अभियान के दौरान पीएम मोदी इस मुद्दे पर सिर्फ एक या दो बार बोले। वह भी इशारों-इशारों में राहुल गांधी को घेरने के लिए। उन्होंने जनसभा में जनता से ही पूछा आजकल राहुल गांधी अडाणी-अंबानी के मुद्दे को नहीं उठा रहे। इसके साथ ही पीएम मोदी ने पूरे प्रचार अभियान में जातीय जनगणना और आरक्षण के मुद्दे पर विपक्षी गठबंधन को हावी नहीं होने दिया और विपक्ष को ही घेर बांधे रखा। कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र आने के बाद तो उन्होंने कांग्रेस और उसके साथी दलों को उनके ही वादों के वार से घेरा। पीएम मोदी ने एक बात दो टूक साफ कर दी कि वह धार्मिक आधार पर आरक्षण के पक्ष में नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एसटी-एससी और ओबीसी के आरक्षण को छीनकर अल्पसंख्यक समुदाय को दिए जाने के खिलाफ है। उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस को खूब घेरा। आखिरी तीन चरणों में तो पीएम मोदी की कोई भी सभा आरक्षण के मुद्दे पर उनके हमलावर रुख के बिना शायद ही हुई हो। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इसका मुकाबला यह आरोप लगाकर किया कि भाजपा सत्ता में लौटी तो वह देश के संविधान को बदल देगी। संविधान को बदलने को लेकर दोनों ओर से खूब सियासी तीर चले।

पीएम मोदी ने कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को भी खूब निशाना बनाया। इससे एक बात तो तय हो गई है कि अब आरक्षण तर्कसंगत बने या ना बने, आरक्षण बना रहेगा। ऐसे में अब जब चुनाव हो गए हैं और केंद्र में नई सरकार सत्ता संभालने वाली है, आरक्षण पर देश में नए सिरे से चिंतन और चर्चा की शुरुआत होनी चाहिए। आरक्षण को सामाजिक उन्नयन और कमजोर के सशक्तीकरण का जरिया बनाया जाना तो ठीक है, लेकिन अब इसे वोट बैंक की राजनीतिक का केंद्र भी बनाया जा रहा है। राजनीतिक परिवारों की तरह देश में आरक्षित परिवार बनते जा रहे हैं। आज हालत यह है कि पिछड़ों में कुछ जातियां इतनी अगड़ी हैं कि उनके पास धन, बाहु भूमि व सत्ता बल आ गया है और वे अपने ही संवर्ग की कई पिछड़ी जातियों को जोड़ दो तो भी उन पर भारी पड़ें। ऐसे में जिसकी जितनी संख्या उसका उतना हक वाला जातीय जनगणना का फॉर्मूला सामाजिक न्याय का रामबाण इलाज नहीं है, लेकिन इसके माध्यम से उन तबकों की पहचान अवश्य की जा सकती है जो आज भी वहीं पर हैं, जहां पर वे आजादी के 75 साल पहले थे। जरूरत हासिये पर बैठे इन लोगों को सहारा देने की है क्योंकि वे संख्या में कम हैं, लेकिन कतार में सबसे पीछे हैं। अब चिंतन इस बात पर हो कि इनको बराबरी पर कैसे लाया जाए।

लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले किसान नेता चौधरी चरण सिंह और पिछड़ों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर राजग सरकार ने सामाजिक न्याय के सम्मान की अवधारणा को मजबूत किया, लेकिन इस सामाजिक न्याय को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए आरक्षण को भी तर्कसंगत बनाने की जरूरत है। राहुल गांधी इसे 50 प्रतिशत की सीमा से भी आगे ले जाना चाहते हैं। विपक्षी गठबंधन की सरकार आने पर वह इस ओर पहल कर सकते हैं, लेकिन क्या यह सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का सही तरीका है। जरूरत इस सवाल पर मंथन व मंत्रणा करने की है।

अकेला आरक्षण सामाजिक न्याय नहीं है। जातीय जनगणना के जरिए देश की राजनीति में हलचल मचाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब खुद भाजपा नीत राजग के खेमे में हैं। राजग में आकर वे ऐसे मुद्दों पर मौन हो गए हैं। उनके बाद इसके सबसे बड़े पेरोकार राहुल गांधी बन गए हैं। संभव है उनको इसमें सामाजिक बदलाव की नई किरण नजर आई हो या अपनी पार्टी कांग्रेस के सिकुड़ते जनाधार को इससे ताकत मिलने की उम्मीद जगी हो। उनके इस उम्मीदों के फॉर्मूले पर जनता मुहर लगाती है या नहीं, यह तो 4 जून को पता चल जाएगा, लेकिन यह तय है कि फिलहाल देश की राजनीति का एक अहम बिंदु आरक्षण होगा। पीएम मोदी यदि तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में वापसी करते हैं तो विपक्ष इसी जातीय जनगणना को लेकर सरकार को घेरना जारी रखेगा, वहीं विपक्षी गठबंधन खुद सत्ता में आया तो अपने वादे के मुताबिक वह जातीय जनगणना करा सकता है। जरूरत इस बात की है कि जो तबके आज भी शिक्षा की मुख्य धारा से कटे हुए हैं, उनको तय समय सीमा में शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़ों के अगड़े तबकों के बराबर लाया जाए।

जब तक वे शैक्षिक दृष्टि से आगे नहीं बढ़ेंगे उनके हिस्से का आरक्षण को उन्हीं के वर्ग के अन्य समर्थ व सक्षम वर्ग भोगते रहेंगे। जातीय जनगणना के साथ ही इस बात की भी जानकारी हासिल करना जरूरी है कि कौनसी जाति भूमि बली और राज बली हैं। एक भूमिहीन पिछड़े और भूमि बली पिछड़े व एक भूमिहीन दलित व एक भूमि बली दलित का अंतर समझना होगा और उसी आधार पर नीतियां बनानी होंगी। संरक्षण उसको मिले जो सचमुच कमजोर हो। इसलिए जरूरी है कि आरक्षण को तर्कसंगत बनाया जाए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# एग्जिट पोल... मोगेंबो खुश हुआ




सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार


मोगेंबो खुश हुआ। खुश होने का कारण है कि एक्जिट पोल के रिजल्ट आ चुके हैं। एक्जिट पोल हैं या एक्जेक्ट पोल, बड़ा कंफ्यूजन है। किसी की जबर्दस्त सीटें आ रहीं हैं तो कोई दास मलूका जी के दोहे- 'अजगर करें ना चाकरी,पंछी करे न काम, दास मलूका कह गए,सबके दाता राम ' के भरोसे बैठा हुआ है। जिसकी सीटें कम आईं हैं वो नतीजों को किसी अजगर की भांति अपनी आंखों को बड़ी करके देख रहा है। ऐसे लगता है जैसे कम सीटें आने वाले मन ही मन यह कह रहे हों कि 'अब अंडरग्राउंड होने का वक्त आ गया है।' अधिक सीटें आने वाले चिल्ला रहे हैं, हो-हल्ला कर रहे हैं और कह रहे हैं -'अब तेरा क्या होगा ये कालिया !' विपक्ष के दिल के अरमां आंसूओं में बह गए लगते हैं और पक्ष गा उठा है -'हमारा जादू चल गया।' टीवी एंकर इतना उछल रहे हैं जितना शायद एक जिम्नास्ट भी नहीं उछल पाता होगा। एक्जिट पोल के रिजल्ट आने के बाद कम सीटें आने वालों के दिल धक-धक करने लगे हैं और वे ईश्वर से अरदास करते हुए गा रहे हैं -'तेरी उँची शान है, मौला, हमरी अर्ज़ी मान ले, मौला ,तू है सब कुछ जानने वाला, हम हैं तेरे बालक-बाला। हमको भी तो लिफ्ट करा दे,थोड़ी सी तो लिफ्ट करा दे...!' अधिक सीटें प्राप्त करने वाले गा रहे हैं -'सिर जो तेरा(विपक्ष वालों का) चकराए या दिल डूबा जाए(एक्जिट पोल के रिजल्ट देखकर), आजा प्यारे पास हमारे (आकर हमारी पार्टी में मिल जाओ, हमारे साथ गठबंधन कर लो), काहे घबराये,काहे घबराये।' विपक्ष कह रहा है -'मैं तेरे प्यार में पागल कैसे हो सकता हूं...!' खैर जो है सो है। वैसे एक बात है जैसे ही एक्जिट पोल के रिजल्ट आते हैं तो कम सीटें आने वालों को यह लगने लगता है कि अब उन्हें दुआओं में याद रखा जाएगा। एक बात बताऊं आपको, इस एक्जिट पोल ने एकबारगी तो राजनीतिक दलों के इवीएम में बंद भाग्य को खोल दिया है। कुछ के मन खुशी के लड्डू फूट उठे हैं तो कुछ के लड्डू वापस इक्ट्ठा होने लगे हैं। विपक्ष को जो सीटें मिली बताईं जा रही हैं उससे लगता है कि विपक्ष 'शुरू होते ही खत्म हो गया 'और पक्ष को यह लग रहा है कि वह 'खिलाड़ियों का खिलाड़ी 'बन गया है।

खैर एक्जिट पोल के नतीजों से अब हम 'एक्जिट' ले रहे हैं और 'एक्जेक्ट' को तलाशने जा रहे हैं। इसके लिए हम साधना करेंगे, अजी ! वहीं जिसे आप मेडिटेशन कह कर पुकारते हैं। इसके लिए हम भी एक गुफा की तलाश कर रहे हैं, लेकिन टीवी चैनलों से अनुरोध करेंगे हमारे द्वारा मेडिटेशन के लिए गुफा तलाशें जाने तक आप सभी अपना समस्त ताम-झाम मेरा मतलब कम से कम'दस' कैमरे लेकर तैयार रहें। दस कैमरों से कम हमें कुछ भी मंजूर नहीं, वो क्या है कि हमारे को दशों दिशाओं से हरेक एंगल से दिखना है जी। हम आपको गारंटी देते हैं कि घोर साधना के बाद हम(लेखक जी) आपको अपना एक्जिट पोल जरूर बतायेंगे। गुस्ताख़ी माफ़। जय राम जी की।

## नॉलेज कॉर्नर: रिटर्निंग ऑफिसर की निगरानी में होती चुनाव में मतगणना

# ऐसे होती है चुनाव में मतों की गिनती और राउंड

देश में 18 वीं लोकसभा के चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं। सभी 4 जून को होने वाली मतगणना का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन लोगों के मन में यह भी उत्सुकता भी है कि आखिर मतगणना होती कैसी है। आपको बता दें कि आम तौर पर मतों की गितनी 'राउंड' में की जाती है, जिसे चक्र या चरण भी कहा जाता है। मतों गिनती कैसे की जाती है और निर्वाचन आयोग 'राउंड' कैसे तय करता है? आज के नॉलेज कॉर्नर में मतगणना के बारे में जानते हैं।

### रिटर्निंग ऑफिसर की निगरानी में होती है मतगणना

मतदान और मतगणना की प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए भारत का निर्वाचन आयोग (ईसीआई) रिटर्निंग ऑफिसर्स को तैनात करता है। रिटर्निंग आफिसर्स निर्वाचन क्षेत्र के सरकारी स्कूल या कॉलेज अपना मुख्यालय बनात है। इसके साथ ही, रिटर्निंग ऑफिसर की सहायता के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भी नियुक्त किया जाता है। मतगणना के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर पोस्टल बैलेट पेपर की गिनती कराने के लिए जिम्मेदार होते हैं, जबकि सहायक रिटर्निंग ऑफिसर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) से मतों की गिनती कराते हैं।



### ये कर्मी करते हैं गिनती

मतगणना के लिए वहां मतगणना एजेंट भी तैनात किए जाते हैं। यही मतगणना एजेंट मतों की गिनती के समय निगरानी करते हैं। निर्वाचन आयोग को प्रत्येक मतगणना वाले टेबल के लिए काउंटिंग ऑब्जर्वर, काउंटिंग असिस्टेंट और माइक्रो-ऑब्जर्वर की जरूरत पड़ती है। सुरक्षा के लिए काउंटिंग टेबलों को बैरिकेड्स या तार की जाली से घेर दिया जाता है, ताकि EVM एजेंटों की पहुंच से दूर हो, लेकिन दूर बैठकर ही मतगणना की प्रक्रिया को देख सकते हैं।

### ऐसे होती है मतों की गिनती

मतों की गिनती के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से काउंटिंग हॉल बनाने के इंतजाम किए जाते हैं। लोकसभा चुनाव में मतगणना के लिए एक काउंटिंग हॉल में 14 टेबल लगाई जाती हैं। वहीं, विधानसभा चुनाव के लिए काउंटिंग हॉल में सात टेबलों को लगाया जाता है। ये सभी टेबल एक-दूसरे के आमने-सामने होती हैं। मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू की जाती है, जिसकी निगरानी रिटर्निंग ऑफिसर करते हैं। निर्वाचन आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, मतगणना के दौरान सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाती है। इसकी प्रक्रिया पूरी होने के आधे घंटे बाद ईवीएम से मतों की गिनती की जाती है। पोस्टल बैलेट की होने वाली मतों की गिनती फर्स्ट राउंड, पहले चक्र या पहले चरण की गिनती कहलाती है।

**मतगणना राउंड यह होता है?**

*निर्वाचन आयोग के अनुसार मतों की गिनती जितने चक्र में की जाती है, उसे ही राउंड कहते हैं। प्रत्येक राउंड की गिनती के लिए एक साथ 14 ईवीएम मशीनों के गिनती की जाती है। एक राउंड में जब 14 ईवीएम के मतों की गिनती पूरी हो जाती है, तो फिर काउंटिंग हॉल में सजाई गईं 14 टेबलों पर अगले राउंड की गिनती के लिए 14 ईवीएम मशीनों को लाया जाता है।*



**भजनलाल शर्मा**
@BhajanlalBjp
डबल इंजन की भाजपा सरकार में राजस्थान को अंधकार युग से मुक्ति मिल रही है...टिब्बा क्षेत्र स्थित प्रभात नगर में हमारी सरकार द्वारा 20 करोड़ रूपए की लागत से बनाए 132 केवी जीएसएस को चार्ज किया गया, जिससे भीषण गर्मी के इस मौसम में क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। हमारी सरकार ग्रीष्म ऋतु के बढ़ते प्रकोप से जन-जन को राहत देने के उद्देश्य से प्रदेश के हर क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति को सुनिश्चित करने हेतु वचनबद्ध है।



**डॉ. सोम्या गुर्जर**
@drsomyagurjar
आज सिंगापुर के World Cities Summit में भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व का पल था। इस सम्मेलन में अलग अलग देशों के प्रतिनिधित्व कर रहे लोगों से आने वाले समय में शहरी विकास के बारे में विस्तृत चर्चा हुई।

**कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्रीय गृहमंत्री पर साधा निशाना, लगाया आरोप**

# गृह मंत्री शाह ने 150 डीएम को फोन किए, चुनाव आयोग ने मांगी डिटेल

एजेंसी | नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा जिसमें उन्होंने कहा था कि 4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन करके बात की। रमेश को भेजे गए पत्र में आयोग ने कहा है कि वह रविवार शाम सात बजे तक अपने दावों की डिटेल शेयर करें। आयोग ने कहा कि हालांकि किसी




भी अधिकारी ने किसी भी तरह के अनुचित दबाव बनाए जाने की सूचना नहीं दी है। जयराम रमेश ने एक जून को एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि निवर्तमान गृह मंत्री सुबह से जिला कलेक्टर्स से फोन पर बात कर रहे हैं। अब तक 150 अफसरों से बात हो चुकी है। अफसरों को इस तरह से खुल्लमखुल्ला धमकाने की कोशिश निहायत ही शर्मनाक है एवं अस्वीकार्य है। याद रखिए कि लोकतंत्र जनादेश से चलता है, धमकियों से नहीं। जून 4 को जनादेश के अनुसार नरेंद्र मोदी, अमित शाह व भाजपा सत्ता से बाहर होंगे एवं इंडिया गठबंधन विजयी होगा। अफसरों को किसी प्रकार के दबाव में नहीं आना चाहिए व संविधान की रक्षा करनी चाहिए। वे निगरानी में हैं।

### संदेह पैदा कर रहा बयान

चुनाव आयोग ने जयराम रमेश को लिखे गए पत्र में कहा है कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने की अवधि में सभी अधिकारी आयोग की प्रतिनियुक्ति पर माने जाते हैं और वे किसी भी निर्देश के लिए सीधे आयोग को रिपोर्ट करते हैं। हालांकि किसी भी डीएम ने आपके द्वारा लगाए गए किसी भी अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी है। जैसा कि आप जानते हैं, वोटों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी को सौंपा गया एक पवित्र कर्तव्य है और आपके द्वारा दिए गए ऐसे सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि आप उन 150 डीएम का ब्यौरा, जिन्हें गृह मंत्री की ओर से कथित रूप से इस तरह के कॉल किए गए हैं। ताकि समुचित कार्रवाई की जा सके।

### ARO टेबल पर मौजूद नहीं रहेंगे मतगणना एजेंट: माकन

दूसरी ओर कांग्रेस नेता अजय माकन ने निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहली बार सहायक निर्वाचन अधिकारी की मेज पर चार जून को मतगणना प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों के मतगणना एजेंटों को अनुमति नहीं दी जाएगी। कांग्रेस नेता ने ईवीएम में कथित धांधली से भी बड़ा मुद्दा बताते हुए चुनाव आयोग से इसके समाधान का आग्रह किया। माकन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही है। उन्होंने कहा, मैं इस मुद्दे को सभी उम्मीदवारों के लिए सामने रख रहा हूं।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दी सफाई

हालांकि, दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतगणना प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों के मतगणना एजेंटों को आरओ और एआरओ की टेबल पर रहने की अनुमति होगी।

### BJP में शामिल हुए AAP एमएलए ने इस्तीफा वापस लिया



**चंडीगढ़।** पंजाब के जालंधर वेस्ट से विधायक शीतल अंगुराल ने विधानसभा से अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान को पत्र लिखकर विधायक पद से अपना इस्तीफा वापस लेने की मांग की है। शीतल 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी टिकट पर विधायक बने थे। लेकिन लोकसभा चुनावों से ठीक पहले 27 मार्च को उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके तुरंत बाद वे भाजपा में शामिल हो गए थे। विधानसभा अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा स्वीकार करने से पहले उन्हें 3 जून को बुलाया था। हालांकि, उससे पहले ही अंगुराल ने अपना इस्तीफा वापस लेने की मांग कर दी है।

### सीटी रवि समेत भाजपा के तीन प्रत्याशी घोषित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव के लिए भाजपा ने अपने तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। इनमें सीटी रवि, एन रविकुमार और एमजी मुले का नाम शामिल है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक के ऊपरी सदन विधानपरिषद में 17 सीटों पर चुनाव होना है। विधानपरिषद में बहुमत हासिल करने के लिए कांग्रेस को 13 सीटों पर जीत दर्ज करनी होगी। जो विधेयक अभी भाजपा और जेडीएस के विरोध के कारण अटक जाते हैं, उन्हें पास कराना फिर कांग्रेस सरकार के लिए आसान हो जाएगा। राज्य की छह शिक्षक और स्नातक निर्वाचन सीटों पर 3 जून को चुनाव होना है। वहीं 13 जून को 11 सीटों पर चुनाव होना है। कर्नाटक की 75 सदस्यीय विधान परिषद में अभी भाजपा एमएलसी की संख्या 32 है। वहीं कांग्रेस के 29 एमएलसी, जेडीएस के सात और एक निर्दलीय एमएलसी हैं।

**पूर्वोत्तर के दो राज्यों में सत्तारूढ़ दलों की सत्ता में वापसी**


# सिक्किम में SKM की विजयी सुनामी अरुणाचल में BJP को प्रचंड बहुमत

एजेंसी | ईटानगर/गंगटोक

पूर्वोत्तर के दो राज्यों अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव में रविवार को सत्तारूढ़ दिलों ने जबर्दस्त बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है। सिक्किम में सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएwwम) की सुनामी ने विपक्ष का सफाया ही कर दिया। एसकेएम ने राज्य विधानसभा की 32 सीटों में से 31 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं पड़ोसी राज्य अरुणाचल प्रदेश में भाजपा 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीटें जीतकर कर तीसरी बार सत्ता में लौटी है। सिक्किम में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के खाते में मात्र एक सीट गई है। एसकेएम प्रमुख और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने गंगटोक जिले की रेनॉक और सोरेंग जिले की सोरेंग-चाकुंग विधानसभा सीटों से जीत हासिल की। तेनजिंग नोरबू लाम्था ने एसडीएफ के टिकट पर श्यारी विधानसभा सीट से जीत हासिल की है।




**विधानसभा चुनाव परिणाम 2024**




| भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|
| 46 | 1 | 13 |

| एसडीएफ | एसकेएम | अन्य |
|---|---|---|
| 1 | 31 | 0 |

### पूर्व सीएम चामलिंग व बाइचुंग भूटिया चुनाव हारे

सिक्किम भाजपा अध्यक्ष दिली राम थापा अपर बुर्तुक विधानसभा क्षेत्र में एसकेएम उम्मीदवार काला राय से हार गए। पूर्व सीएम चामलिंग दोनों सीटों पर चुनाव हार गए। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया भी चुनाव हार गए। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को बधाई दी।

### पीएम बोले- धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश



अरुणाचल प्रदेश के ऊपर पोस्ट करते हुए पीएम ने लिखा, धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। अरुणाचल में भाजपा पर एक बार फिर अपना विश्वास जताने के लिए उन्हें मेरा आभार। हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक उमंग के साथ काम करेगी।

### अरुणाचल प्रदेश : सीएम खांडू की राज्यपाल से मुलाकात, सौंपा इस्तीफा

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने ईटानगर के राजभवन में राज्यपाल केटी परनायक से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यपाल ने खांडू का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और मंत्रिपरिषद से नई सरकार के शपथ लेने तक बने रहने का अनुरोध किया है। ज्ञात रहे कि अरुणाचल प्रदेश की 60 में से 50 विधानसभा सीटों और सिक्किम की 32 सीटों के लिए 19 अप्रैल को लोकसभा चुनावों के साथ मतदान हुआ था। अरुणाचल प्रदेश की 10 सीटें भाजपा ने पहले ही निर्विरोध जीत ली थी। इन दस उम्मीदवारों में राज्य के मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी शामिल थे। इसके अलावा कांग्रेस को एक, एनपीपी को पांच और अन्य को आठ सीटों पर जीत मिलीं।

### सिक्किम: एक भी सीट पर नहीं खिला पाया कमल

राज्य में भाजपा ने 31 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत पाई। यहां निवर्तमान सदन में उसके 12 विधायक थे। बीते पांच वर्षों में सिक्किम ने भी दलबदल का दौर देखा। चुनाव के कुछ समय पहले तक भाजपा राज्य में मुख्य विपक्षी दल थी। निवर्तमान सिक्किम विधानसभा में भाजपा के 12 विधायकों में से 10 विधायकों ने एसडीएफ से दलबदल किया था। बाकी दो विधायक अक्तूबर 2019 में विधानसभा उपचुनाव जीते थे। इन 12 विधायकों में से पांच ने पार्टी छोड़ दी और उनमें से तीन एसकेएम में शामिल हो गए। इन तीनों विधायकों को एसकेएम ने विधानसभा चुनाव में उतारा। वहीं भाजपा के बाकी सात विधायकों में से पार्टी ने इस बार केवल दो को ही टिकट दिया। सिक्किम में दलबदल का नुकसान एसडीएफ और भाजपा को हुआ। भाजपा को केवल 5.18 प्रतिशत वोट ही मिल पाए। एसकेएम को 58.38 प्रतिशत वोट मिले, जबकि सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट को 27.37 प्रतिशत वोट मिले।

### कांग्रेस से भाजपा में आए थे पेमा खांडू

पूर्व मुख्यंमत्री दिवंगत दोरजी खांडू के बेटे पेमा खांडू राज्य में दो बार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। अब तीसरी बार मिली जीत के साथ ही खांडू तीसरी बार सत्ता का सत्ता संभालेंगे। खांडू भी पूर्वोत्तर के उन नेताओं में शामिल हैं जो कांग्रेस से भाजपा में आए और मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे। चीन की सीमा से सटे तवांग जिले के ग्यांगखर गांव से ताल्लुक रखने वाले पेमा खांडू मोनपा जनजाति से आते हैं। वर्ष 2014 में पेमा खांडू ने असंतुष्ट नेता कलिखो पुल का साथ देते हुए मंत्री पद छोड़ दिया। 16 जुलाई 2016 को उन्हें नबाम तुकी की जगह कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद 17 जुलाई 2016 को खांडू ने महज 37 वर्ष की उम्र में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली। इसके ठीक दो महीने बाद ही अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस के 43 विधायकों ने बगावत कर दी। खांडू के नेतृत्व में सभी विधायक भाजपा की सहयोगी पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) में शामिल हो गए।

### शिक्षक से सीएम पद पर पहुंचे हैं तमांग

प्रेम सिंह तमांग एक बार फिर सिक्किम की सत्ता पर काबिज होने जा रहे हैं। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की जबर्दस्त जीत के पीछे हैं मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग। तमांग ने सिक्किम के मुख्यमंत्री रहे पवन कुमार चामलिंग के खिलाफ विद्रोह से लेकर 2013 में अपनी खुद की पार्टी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा बनाने तक एक लंबा सियासी सफर तय किया है। उन्होंने 2009 में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट छोड़ने के पंद्रह साल बाद चामलिंग की पार्टी स सबसे करारी शिकस्त देकर इतिहास रच दिया। पांच फरवरी 1968 को जन्मे प्रेम सिंह तमांग ने पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग के एक कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और 1990 में एक सरकारी स्कूल में शिक्षक बन गए। उन्होंने तीन साल बाद ही अपनी नौकरी छोड़ दी और 1994 में एसडीएफ की सह-स्थापना की, जिसके साथ वे लगभग 20 वर्षों तक जुड़े रहे। इस दौरान 2013 में अपनी पार्टी के गठन से पहले 15 वर्षों तक वह मंत्री रहे।

**चुनाव आयोग से मिले प्रतिनिधिमंडल**

## वोटों की गिनती को लेकर अपनी अपनी मांग रखी सामने




एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा और विपक्षी दलों के प्रतिनिधि मंडलों ने रविवार को चुनाव आयोग से अलग अलग मुलाकात कर अपनी मांगे सामने रखी और मतगणना को लेकर अपने सुझाव दिए। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों से मुलाकात की। इस दौरान उनकी ओर से 4 प्रमुख मांगें उठाई गईं। बाद में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमने चुनाव आयोग से अपील की है कि मतगणना प्रक्रिया में लगे प्रत्येक अधिकारी निर्धारित प्रक्रिया की छोटी से छोटी जानकारी से पूरी तरह परिचित हों। साथ ही सभी चुनाव आयोग के प्रोटोकॉल के साथ लगन से लगे रहें। गोयल ने बताया, हमारी दूसरी मांग यह थी कि मतगणना और परिणामों की घोषणा के दौरान चुनावी प्रक्रिया की सुरक्षा सुनिश्चित हो। तीसरी बात यह रही कि चुनावी प्रक्रिया को कमजोर करने के व्यवस्थित प्रयासों का संज्ञान लिया जाए। हमारी चौथी अपील यह थी कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### विपक्ष ने पोस्टल बैलट की गणना पहले करने पर दिया जोर

इससे पहले, विभिन्न दलों के प्रतिनिधिमंडल ने भी रविवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की थी और कहा कि डाक मतपत्र चुनाव परिणाम में अहम भूमिका निभाते रहे हैं, इसलिए पोस्टल बैलट की गणना पहले की जानी जरूरी है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि चुनाव में पोस्टल बैलट की अहम भूमिका होती है जो चुनाव परिणामों को इधर से उधर कर सकते हैं। इससे पहले 2019 में आयोग से आग्रह किया गया था कि पोस्टल बैलेट की गिनती पूरी होने से पहले मतपत्रों की गणना का काम खत्म नहीं किया जा सकता है। तब तक चुनाव परिणाम की घोषणा नहीं की जा सकती है।

**बंगाल-ओडिशा को लेकर निर्देश**

## मतगणना के बाद 15 दिनों तक तैनात रहें सुरक्षा बल

एजेंसी | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा में 4 जून को होने वाली मतगणना के बाद भी 15 दिनों तक पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश को मतगणना के बाद लगभग 48 घंटो तक सुरक्षा बल उपलब्ध कराने के भी सख्त आदेश हैं। बता दें की चुनावों के दौरान हिंसा के कई मामले सामने आए थे। कई जगह चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश की गई थी। पश्चिम बंगाल में चुनाव के सातों चरणों के दौरान हिंसा की कई घटनाएं सामने आईं। शनिवार को जयनगर में भीड़ द्वारा ईवीएम लूटने और उसके साथ ही वीवीपैट को तालाब में फेंकने वाली घटना सामने आई थी।

**एग्जिट पोल पर सियासी रार**

# ये एग्जिट पोल नहीं ...मोदी मीडिया पोल हैं, हम 295 सीटें जीतेंगे: राहुल

■ राजग 400 के पार जाएगा: अठावले

एजेंसी | नई दिल्ली

देशभर में लोकसभा चुनाव के नतीजों के बीच इस सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के नेता अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के एक गीत को याद करते हुए कहा कि कहा है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया 295 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। दरअसल 295 एक गाना है, जिसे सिद्धू मूसेवाला ने गाया था। दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री व रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख




रामदास अठावले ने रविवार को कहा कि 'एग्जिट पोल' में राजग को 375 सीट मिली हैं, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन भाजपा नीत राजग 543 सदस्यीय लोकसभा में 400 सीट पार कर जाएगा। राहुल गांधी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों के साथ बैठक की। इसके बाद एआईसीसी मुख्यालय में उन्होंने पत्रकारों से कहा, इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता बल्कि इसका नाम मोदी मीडिया पोल है। यह मोदी जी का पोल है, यह उनका काल्पनिक पोल है। यह पूछने पर कि इंडिया गठबंधन को कितनी सीट मिलेंगी, इस पर राहुल ने कहा, 'आपने सिद्धू मूसेवाला का '295' गीत सुना है? इसलिए 295 सीट।' हालांकि, एग्जिट पोल के नतीजों को लेकर भाजपा नेता काफी खुश हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राजग 400 सीटें जीतने वाला है। उन्होंने कहा, भारत में दिन में सपने देखने पर कोई रोक नहीं है। एग्जिट पोल एकदम सही दिखा रहे हैं। हम केंद्र में 400 और बिहार में 40 का आंकड़ा पार करेंगे। मालूम हो कि एग्जिट पोल में अनुमान जताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे। साथ ही, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को लोकसभा चुनावों में भारी बहुमत से जीत मिल सकती है।

### मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहा इंडिया गठबंधन: सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, इंडिया गठबंधन



की स्थिति मुंगेरी लाल के हसीन सपने जैसी हो गई। गठबंधन नहीं यह एक ठगबंधन है, जो देश को ठगने के लिए एकसाथ हुई है। जिनके पास ना कोई एजेंडा, ना कोई समन्वय, ना कोई सिद्धांत है। वे सबके सब एक साथ होकर एक व्यक्ति के विरुद्ध हो गए है लेकिन उस एक व्यक्ति यानी प्रधानमंत्री के रूप में उनके साथ 140 करोड़ देश की जनता खड़ी है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता का विश्वास अगर एक व्यक्ति में है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी में है।

### महाराष्ट्र में 35 से 40 सीटों पर जीतेगा महायुति: रामदास अठावले

केंद्रीय मंत्री व रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख रामदास अठावले ने रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ राजग को एग्जिट पोल में लगाए गए अनुमान से ज्यादा



लोकसभा सीट मिलेंगी। आठवले ने संवाददाता सम्मेलन में विश्वास जताया कि भाजपा नीत राजग को 543 सदस्यीय लोकसभा में 400 से ज्यादा सीट मिलेंगी। 'एग्जिट पोल' में शनिवार को अनुमान लगाया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे तथा भाजपा-नीत राजग को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने की उम्मीद है। अठावले ने कहा, महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति 48 लोकसभा सीटों में से 35 से 40 सीट जीतेगा और देश में राजग को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। अठावले की पार्टी राजग में शामिल है। महाराष्ट्र में महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 'एग्जिट पोल' की भविष्यवाणी से अधिक सफलता मिली थी।

## जरूरी खबर

### अग्निकुल: अगले वर्ष उपग्रह लॉन्च करने की योजना

**नई दिल्ली।** दुनिया का पहला 3डी प्रिंटेड रॉकेट लांच कर कीर्तिमान रचने वाला भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस अगले साल की शुरुआत में उपग्रहों का प्रक्षेपण शुरू करने की तैयारी कर रहा है। अग्निबाण सब-आर्बिटल टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर की पहली परीक्षण उड़ान 66 सेकंड तक चली थी।

अग्निकुल के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीनाथ रविचंद्रन ने कहा, एसओआरटीईडी एकल चरण वाला रॉकेट था। आर्बिटल रॉकेट में दो चरण होंगे। हम इसे लेकर कार्य कर रहे हैं। हम आर्बिटल मिशन के लिए इस वित्तीय वर्ष के अंत तक या अगले वित्तीय वर्ष के आरंभ तक का लक्ष्य लेकर चल रहे है। रविचंद्रन ने कहा, छोटे उपग्रहों की मांग अधिक है। हर साल 30-35 टन पेलोड को पृथ्वी की निचली कक्षाओं में स्थापित किया जाता है।

### अधिकार के तौर पर प्रमोशन का नहीं कर सकते दावा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में गुजरात न्यायिक सेवा के प्रोन्नति से जुड़े मामले में दिए फैसले में भारत सहित विभिन्न देशों में सरकारी कर्मचारियों की प्रोन्नति के नियमों और तरीकों का जिक्र करते हुए कहा है कि भारत में कोई भी सरकारी कर्मचारी अधिकार के तौर पर प्रोन्नति का दावा नहीं कर सकता, क्योंकि संविधान में प्रोन्नत पदों को भरने का कोई मानदंड तय नही किया गया है। कोर्ट ने माना है कि प्रोन्नति की नीति तय करना विधायिका और कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र में आता है और न्यायिक समीक्षा की गुंजाइश सीमित है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विधायिका या कार्यपालिका रोजगार और कर्मचारी द्वारा किये जाने वाले अपेक्षित काम की प्रकृति के हिसाब से प्रोन्नत पदों की रिक्तियां भरने का तरीका तय कर सकती है।

### मुंबई धमाकों के आरोपी पर जेल में हमला, मौत

**मुंबई।** 1993 के मुंबई सीरियल बम धमाकों के एक दोषी पर कोल्हापुर के कलंबा सेंट्रल जेल में जानलेवा हमला हो गया। पुलिस ने बताया कि रविवार को पांच कैदियों ने उस पर जानलेवा हमला किया। हमले में उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या, बाथरूम में नहाने को लेकर कैदियों में बहस हुई। इस वजह से अन्य कैदियों ने मुन्ना उर्फ मोहम्मद अली खान उर्फ मनोज कुमार भवरलाल गुप्ता पर हमला कर दिया। खान आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

## सीडीएस ने अग्निवीरों को किया संबोधित



**भुवनेश्वर।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने रविवार को ओडिशा में भारतीय सेना के प्रमुख आरंभिक प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आईएनएस चिल्का का दौरा किया है। उन्होंने अग्निवीरों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने इस मौके पर अग्निवीरों को संबोधित भी किया। सीडीएस को चिल्का में अब तक प्रशिक्षित बैच का विश्लेषण उपलब्ध कराया गया।

## सलमान पर हमले की साजिश में एक और आरोपी अरेस्ट



**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान पर हमला करने की साजिश रचने के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हरियाणा पुलिस ने नवी मुंबई पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर यह गिरफ्तारी की है। दीपक गोगोलिया उर्फ जॉनी वाल्मीकि (30) नामक आरोपी को भिवानी से पकड़ा गया है। जल्द ही उसे नवी मुंबई पुलिस को सौंप दिया जाएगा। इससे पहले पुलिस ने इस मामले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया था। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान के फॉर्महाउस पर हमला करने की साजिश रची थी, जिसे पुलिस ने नाकाम कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों ने अभिनेता के फॉर्महाउस समेत शूटिंग स्थल की रेकी की थी।

### मतगणना से पहले एक्शन मोड में प्रधानमंत्री मोदी

# तीसरे कार्यकाल के लिए 100 दिन के रोड मैप की समीक्षा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम पर जुट गए हैं। उन्होंने रविवार को सात अलग-अलग मुद्दों पर अधिकारियों के साथ बैठक की। इनमें चक्रवात रेमल से पूर्वोत्तर भारत के हालात और पूरे देश में गर्मी के प्रकोप की समीक्षा शामिल है।




इसके साथ ही पीएम मोदी 3.0 के लिए 100 दिन के रोडमैप के लिए तैयारियों की भी समीक्षा की। पूरे देश में पड़ रही भीषण गर्मी के प्रभावों और उससे निपटने की तैयारियों की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री सभी अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर आग से बचाव के उपायों और बिजली उपकरणों की सुरक्षा मानकों पर आडिट का निर्देश दिया। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव शुरू होने से बहुत पहले मोदी ने नई सरकार के लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार करने के लिए विभिन्न सरकारी मंत्रालयों को काम सौंपा था। उन्होंने अपनी मंत्रिपरिषद से पहले 100 दिनों के लिए कार्यक्रमों और पहलों को प्राथमिकता देने के लिए कहा है। अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री की सबसे पहली बैठक पूर्वोत्तर में चक्रवात रेमल के बाद उत्पन्न हुई बाढ़ की स्थिति को लेकर हुई। उन्होंने विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों के साथ मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने देश में भीषण गर्मी और लू की स्थिति को लेकर हुई एक समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता की।

### केंद्र सरकार हर संभव मदद देगी

पीएमओ ने बताया कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को प्रभावित राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन और बाढ़ के कारण मानव जीवन के नुकसान और घरों और संपत्तियों को हुए नुकसान पर भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सरकार चक्रवात से प्रभावित राज्य को पूरा सहयोग देना जारी रखेगी। प्रधानमंत्री ने गृह मंत्रालय को स्थिति की निगरानी करने और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए नियमित रूप से मामले की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया।

### जंगलों में आग पर नजर रखने के निर्देश

इसके साथ ही प्रधानमंत्री जंगलों में आग रोकने के लिए लगातार नजर रखने और वहां बायोमास के बेहतर इस्तेमाल की रणनीति तैयार करने को कहा। इस दौरान मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान में गर्मी का प्रकोप जारी रह सकता है। वहीं मानसून के आगमन से इसमें राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस साल भारत में सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में रेमल के कारण हुई वर्षा से आई बाढ़ और जमीन खिसकने के कारण कई घरों को नुकसान पहुंचा है और कई लोगों की जान भी गई है।

### यूपी व हरियाणा के सीएम को पत्र

## दिल्ली में पेयजल संकट, एक महीने के लिए दें अतिरिक्त पानी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट को देखते हुए जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर एक महीने के लिए पानी की मांग की है, जिससे दिल्ली में पेयजल संकट दूर किया जा सके। यमुना नदी में जलस्तर नीचे जाने से वजीराबाद बैराज से दिल्ली के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे दिल्ली में लोगों को सिर्फ एक बार पानी मिल रहा है। कई इलाकों में पेयजल के लिए त्राहि मची हुई है। आतिशी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में लिखा है कि दिल्ली इस समय जल संकट का सामना कर रही है। तापमान 50 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ने के साथ दिल्ली में पानी की मांग अब तक की उच्चतम स्तर पर है।



एक पड़ोसी राज्य के रूप में हम उत्तर प्रदेश से अनुरोध करते हैं कि संकट के इस समय में दिल्ली की मदद करें। आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि पिछले वर्षों के विपरीत इस वर्ष पानी की मांग कई गुना बढ़ गई है। मौजूदा संकटों से निपटने के लिए तत्काल आवश्यकता है कि हरियाणा जल्द से जल्द यमुना नदी में अतिरिक्त पानी छोड़े। दिल्ली में रहने वाले लोगों की मांगों को पूरा करने के लिए हमें यमुना में पानी की तत्काल आवश्यकता है।

### सीमा पार लॉन्च पैड सक्रिय... सुरक्षा बल सतर्क

## 60-70 आतंकवादी घुसपैठ की फिराक में

**एजेंसी** | जम्मू

सीमा पार से अलग-अलग स्थानों पर पांच या छह के समूहों में लगभग 60-70 आतंकवादी जम्मू कशमीर में घुसने की फिराक में हैं।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि रंजन स्वैन ने कहा कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार लॉन्च पैड सक्रिय हैं। लेकिन सीमा पर सुरक्षाबल पूरी सतर्क हैं। दुश्मन के किसी भी नापाक इरादे को कामयाब नहीं होने देंगे। सुरक्षा को लेकर हुई विभिन्न बैठकों में यह निष्कर्ष सामने आया है कि सीमा



पार से आतंकियों, हथियार और नशे की खेप को भेजने के प्रयास अब भी किए जा रहे हैं, जिन्हें सतर्क सुरक्षा बल नाकाम बना रहे हैं। एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से से बातचीत में डीजीपी ने कहा कि प्रदेश में अस्थिरता लाने की दुश्मन बार-बार चाल चल रहा है, जिसे विफल बनाने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या अब केवल 22 रह गई है। आतंकवाद का केंद्र बिंदु अब स्थानीय आतंकवाद से विदेशी आतंकवाद की ओर स्थानांतरित हो गया है। विदेशी आतंकी असहाय नागरिकों को निशाना बनाते हैं। उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चार-पांच साल पहले सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या 150 से 200 के बीच थी, जो अब घटकर केवल 20-22 रह गई है।

### सीमापार से घुसपैठ करने वाले ड्रोन बड़ी चुनौती

स्वैन ने कहा कि ड्रोन से घुसपैठ की गतिविधियां महत्वपूर्ण चुनौती पेश कर रही हैं। ड्रोन के जरिये आतंकवादी हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी और मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं। हम पहले के मुकाबले अब इस खतरे से निपटने में काफी बेहतर स्थिति में आ गए हैं। लेकिन इन गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए निरंतर सतर्कता की जरूरत है।


### पुणे कार दुर्घटना मामला

## नाबालिग के पेरेंट्स पुलिस हिरासत में

**एजेंसी** | पुणे

पुणे कार दुर्घटना मामले में नाबालिग के माता-पिता को पुणे की जिला अदालत ने 5 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दोनों को नाबालिग के खून के नमूनों से कथित छेड़छाड़ के मामले में पुलिस हिरासत में भेजा गया है। नाबालिग की मां शिवानी अग्रवाल को पुलिस ने 1 जून को गिरफ्तार किया था। वहीं पिता विशाल अग्रवाल को यरवदा जेल से हिरासत में लिया गया। 19 मई को पुणे में कार हादसे में दो इंजीनियर्स की जान चली गई थी। दरअसल एक तेज गति से जा रही





कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी। आरोप है कि हादसे के वक्त कार नाबालिग चला रहा था। जांच में पता चला कि नाबालिग की मां के खून के नमूने से नाबालिग के खून के नमूने को बदला गया। इसके लिए नाबालिग के माता-पिता ने ससून अस्पताल के एक डॉक्टर के साथ मिलकर साजिश रची। इसी मामले में पुलिस ने माता-पिता को रविवार को जिला अदालत में पेश किया, जहां से दोनों को रिमांड पर भेजने का आदेश दिया गया। दोनों पर सबूत मिटाने का आरोप है। दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 201 के तहत मामला दर्ज किया है।

### कंपनियों के बेहतर प्रदर्शन का मिला लाभ

# गौतम अडाणी फिर बने एशिया के सबसे अमीर

■ मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा

**एजेंसी** | मुंबई

दिग्गज उद्योगपति गौतम अडाणी मुकेश अंबानी को पछाड़कर एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति बन गए हैं। गौतम अडाणी को अपनी कंपनियों के शेयरों की कीमत में उछाल का फायदा मिला है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी की नेट वर्थ 111 बिलियन डॉलर है। जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी 109 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। बता दें, गौतम अडाणी



दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में 11वें नंबर पर हैं। गौतम अडाणी की नेट वर्थ में इजाफे के पीछे अडाणी ग्रुप की कंपनियों का बेहतर प्रदर्शन है। शुक्रवार को अडाणी ग्रुप की सभी कंपनियां बढ़त बनाने में सफल हुई थी। कंपनियों के शेयरों में तेजी की वजह ब्रोकरेज हाउस जेफरिज की नई रिपोर्ट का सामने आना माना जा रहा है। जेफरिज ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि अडाणी ग्रुप अगले 10 सालों में 90 बिलियन डॉलर खर्च करेगा। ग्रुप तेजी के साथ विस्तार करने की योजना पर काम कर रहा है।

### बर्नार्ड अर्नोल्ट दुनिया के सबसे अमीर

गौतम अडाणी दुनिया के 11वें नंबर के सबसे अमीर उद्योगपति हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बर्नार्ड अर्नोल्ट दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं, जिनकी कुल संपत्ति 207 अरब डॉलर है। अर्नोल्ट के बाद एलन मस्क का नाम आता है, जिनकी कुल संपत्ति 199 अरब डॉलर है।

### अडाणी समूह के लिए चुनौतीपूर्ण रहा था बीता साल

अडाणी ग्रुप के लिए साल 2023 मुसिबतों से भरा रहा था। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों का असर ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के शेयरों पर साफ देखने को मिला था। इस रिपोर्ट के आने से पहले अडानी ग्रुप दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए थे। तब उनकी नेट वर्थ 150 बिलियन डॉलर को क्रॉस करने में सफल रही थी। लेकिन रिपोर्ट सामने आने के बाद अडाणी ग्रुप की कई लिस्टेड कंपनियों के शेयरों का भाव आधे हो गए थे। जिसका असर गौतम अडानी के नेट वर्थ पर भी देखने को मिला था।

### किसानों ने फिर भरी हुंकार

## शंभू बॉर्डर की ओर किया कूच, बढ़ा जमावड़ा

**एजेंसी** | चंडीगढ़

पंजाब में लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद किसानों ने फिर विरोध प्रदर्शन की तैयारी शुरू कर दी है। पंजाब भर से बड़ी संख्या में किसानों ने रविवार को ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सवार होकर शंभू बॉर्डर की ओर कूच किया। शाम तक शंभू बॉर्डर पर किसानों का जमावड़ा बढ़ना शुरू हो गया। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर संघर्ष कमेटी ने किसानों से 2 जून को शंभू बॉर्डर में प्रदर्शन फिर शुरू करने की अपील की थी। इस पर देश में 4 जून को नई सरकार बनने से पहले किसानों ने फिर आंदोलन की हुंकार भरी है। लोकसभा चुनाव में भी पंजाब में किसानों ने भाजपा उम्मीदवारों का विरोध किया था। किसान हरियाणा पुलिस द्वारा पकड़े गए तीन किसानों की रिहाई, 23 फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, किसानों का कर्ज माफ करने और युवा किसान शुभकरण सिंह के आरोपियों को कड़ी सजा, लखीमपुर खीरी के दोषियों को सजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। लंबे समय तक आंदोलन करने के बावजूद इनमें से उनकी एक भी मांग पूरी नहीं हुई है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा था कि किसान 2 जून से फिर शंभू बॉर्डर की ओर कूच करेंगे।

### जयपुर कॉट्योर शो-2024 सीजन-12 के दूसरे दिन 11 सिक्वेंस रहे शामिल

# ब्राइड और ग्रूम के साथ पार्टी लवर्स के लिए डिजाइन कलेक्शन शोकेस

बेधड़क | जयपुर

फैशन डिजाइनर्स ने कलेक्शन में कभी फ्यूजन तो कभी प्राचीन पद्धति को शामिल करते हुए क्रिएशन किया। इन कलेक्शन को एक्ट्रेसेस ने रैंप पर उतारा और अपनी अदाएं बिखेरीं। नजारा था फैशन उत्सव जयपुर कॉट्योर शो-2024 सीजन-12 के दूसरे दिन का, जिसमें 11 सिक्वेंस में डिजाइनर्स ने ब्राइडल, समर, फ्यूजन, पार्टी और अन्य कलेक्शन शोकेस किए। शो डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि महिला सुरक्षा मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष बबीता शर्मा और समाजसेवी उत्तम शर्मा ने गेस्ट के रूप में शिरकत की।





#### एक्ट्रेस बनी शो स्टापर्स

दूसरे शिव जूलर्स से हूकुम सिंह कुंपावत ने अपनी नायाब जूलरी का कलेक्शन कपड़ों के साथ शोकेस किया तो उनके लिए शो स्टॉपर ईशा मालविया बनी। दूसरी ओर राधिका राज पुरोहित के लिए वरुणवी सिंह शो स्टॉपर रही और उनके खूबसूरत कलेक्शन को अपने अंदाज में शोकेस किया।

#### मेकअप में भी क्रिएटिविटी

सेजल छब्बानी के लिए कोमल वोरा शो स्टॉपर रहीं, जिन्होंने जयपुर-दिल्ली की मॉडल्स के साथ रैंप वॉक की। हाउस ऑफ अली से अली ने अपने पार्टनर के साथ कलेक्शन शोकेस किया और उनके लिए मॉडल मोना गौतम शो स्टॉपर रही। हैड मेन सेलोन से हेमंत और ज्योति ने लेटेस्ट मेकअप कलेक्शन पेश किए, जिसकी शो स्टॉपर रिया सेन रही।



फोटो: पंकज शर्मा

#### बच्चे भी उतरे रैंप पर

डिजाइनर बनीता चौधरी ने इंडो वेस्टर्न आउट फिट से सभी का ध्यान आकर्षित किया। बनीता चौधरी की शो स्टॉपर सोनी सिंह रही तो युवा डिजाइनर मोहित सरावा ने बॉलीवुड स्टाइल आउट फिट प्रजेंट किए, जिसकी शो स्टॉपर रिया सुलेदिया रही। ऐसे में नेशनल किड्स शो आईएलएफएच के बच्चो ने भी रैंप पर टैलेंट दर्शाया और दर्शकों का दिल जीत लिया।

#### आकांक्षा ने की वॉक

राजदीप रानावत के लिए शो स्टॉपर एक्ट्रेस-मॉडल आकांक्षा भल्ला रही, जिन्होंने अपनी अदाओं से न केवल कलेक्शन को चार चांद लगाए दिए, बल्कि फैशन लवर्स का ध्यान आकर्षित किया।

## चित्रों में दर्शाए प्रदूषण के कारण




**बेधड़क. जयपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ओरियन ग्रीन्स और राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर से पंचतत्व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान ललित कला अकादमी में किया गया। इस दौरान जूनियर व सीनियर वर्ग के लगभग 110 बच्चों ने जल प्रदूषण व वायु प्रदूषण विषय पर चित्र बनाए और अपनी कल्पना को चित्रों में उकेरा। विजेता बच्चों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के वरिष्ठ मूर्तिकार महावीर भारती, मूर्तिकार निर्मला कुल्हरी और विनय शर्मा ने ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों को राजस्थान ललित कला अकादमी और ओरियन ग्रीन्स की ओर से सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

## वुमन साइक्लोथोन आज

**बेधड़क. जयपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस को ध्यान रखते हुए राजस्थान एनवायरनमेंट एंड एनर्जी कंजर्वेशन सेंटर (आरईईसीसी) की ओर से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सोमवार से होगा। इस दौरान वुमन साइक्लोथॉन में 250 से अधिक महिलाएं साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगी। सुबह 6 बजे से आमेर क्लार्क होटल से साइकल स्टार्ट होंगी।

## ‘सूर्या 44’ मूवी की शूटिंग शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** साउथ के सुपरस्टार सूर्या की अपकमिंग फिल्म सूर्या 44 लव लाफ्टर वॉर की शूटिंग रविवार से शुरू हो गई है। कार्तिक सुब्बाराज के निर्देशन में बन रही इस मूवी का फर्स्ट शॉट मेकर्स ने शेयर भी किया है। इसमें सबसे पहले स्क्रीन पर क्लैप आता है। इसके बाद लांग शॉट में दूसरी तरफ मुंह करके समुद्र किनारे एक व्यक्ति स्टाइल से पैर पर हाथ रखकर बैठा हुआ है। बगल में सूटकेस और एक बैग रखा हुआ है। उसने हाथ में ब्रेसलेट पहना हुआ है, जिसकी एक लड़ी लटकी हुई है, जिसे वह बार-बार पकड़ रहा है और छोड़ रहा है। सीन वाइड टू क्लोज आता है और वह व्यक्ति टर्न होता है। हम देखते हैं यह फिल्म के हीरो सूर्या शिवकुमार हैं।

## City इवेंट्स

### बाबा श्याम का किया गुणगान



**बेधड़क. जयपुर।** आमेर स्थित श्री श्याम सेवा समिति नवयुवक मण्डल का 21वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। उत्सव संयोजक तथा मंडल अध्यक्ष गोविन्द अग्रवाल ने बताया कि सुबह शोभा यात्रा निकाली गई, जो बाबा श्याम का गुणगान करते हुए आयोजन स्थल सत्यम कुंज गार्डन पहुंची। शाम को बाबा का श्रृंगार किया गया तथा भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें गायक रजनी शर्मा, तृप्ति लड्ढा, अमितनामा, महेश परमार, विकास विजयवर्गीय ने प्रस्तुति दी।

### आयुर्वेद और नैत्र चिकित्सा शिविर आज

**बेधड़क, जयपुर।** सेठ बंजीलाल ठोलिया चैरिटी ट्रस्ट की ओर से संचालित सेठ बंजीलाल ठोलिया धर्मशाला की स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश करने पर सेवार्थ कार्य किए जाएंगे। ट्रस्ट के प्रदीप ठोलिया व सुदीप ठोलिया ने बताया कि इस मौके पर सोमवार को निःशुल्क आयुर्वेद व नेत्र चिकित्सा शिविर व परिण्डा वितरण का कार्यक्रम होगा।

### जनप्रतिनिधियों ने किया रक्तदान



**बेधड़क, जयपुर।** रक्तदान शिविर का आयोजन कर जयपुराइट्स ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई और आमजन की सुविधाओं का विस्तार करते हुए राहत देने की कोशिश की गई। मौका था आशीष सेवा संस्थान की ओर से जयपुर के प्रताप नगर शिवम हॉस्पिटल में सेवाओं की शुरुआत का। आयुर्वेद पंचकर्म और अन्य चिकित्सा सेवाओं को उपमुख्यमंत्री प्रेम बैरवा ने प्रारंभ किया। संस्थान सचिव विनीत वशिष्ठ ने बताया कि आशीष वशिष्ठ की पुण्यतिथि को स्वास्थ्य चेतना सप्ताह के रूप में मनाएंगे। इस मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हवा महल विधायक बालमुकुंद आचार्य और ब्रह्म शक्ति संघ राष्ट्रीय संयोजक सेवा संस्थान प्रवक्ता सुनील मुदगल शामिल हुए। मुद्गल ने भी रक्तदान करते हुए युवाओं के सामने आदर्श पेश किया। इस अवसर पर कई स्थानीय पार्षद जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## गाय ने बंदर की जान बचाई मिला अच्छा नागरिक सम्मान



बेधड़क | जयपुर

नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में नाद संस्था की ओर से ‘जंगल का अच्छा नागरिक’ प्रतियोगिता पर आधारित नाटक ‘गाय और उसका दोस्त बंदर’ का प्रदर्शन किया गया। इसमें पर्यावरण संरक्षण, पेड़ लगाने के फायदे और पानी के महत्व पर जानवरों के माध्यम से संदेश देने का प्रयास किया गया। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि मिहीजा शर्मा द्वारा लिखित कहानी और रंगकर्मी अनिल मारवाड़ी द्वारा निर्देशित नाटक की कहानी में जंगल में एक प्रतियोगिता होती है जिसमें ‘अच्छे नागरिक’ का खिताब जीतने के लिए गाय और बंदर फाइनल राउंड में पहुंचते हैं।

गाय को रास्ते से हटाने के लिए जब वह नदी से पानी पी रही होती है बंदर उसे नदी में धक्का देने की योजना बनाता है, लेकिन खुद नदी में गिर जाता है। अंत में गाय बंदर को बचाती है। इस घटना से बंदर को अपनी गलती का एहसास होता है। अंत में गौरी गाय प्रतियोगिता जीत जाती है। नाटक ग्रीष्मकालीन बाल नाट्य शिविर में तैयार किया गया था, जिसमें बच्चों ने वरिष्ठ रंगकर्मी मनोज स्वामी के साथ मिलकर इसे प्रस्तुत किया। जीवितेश शर्मा, मिहिजा, पीहू कवितेश, अवनि और सागर विनोद गढ़वाल ने जानवरों के पात्र निभाए। बच्चों ने धृति शर्मा के निर्देशन में मास्क बनाए।

### रवींद्र मंच पर किया राजस्थानी नाटक का मंचन

## ‘गौरी सिंगार करे, ढोलो सिंगार करे’ में छूटे हंसी के फव्वारे



बेधड़क | जयपुर

रंग निर्देशक डॉक्टर कुलदीप शर्मा द्वारा कला संस्कृति विभाग राजस्थान सरकार के सहयोग से रवींद्र मंच के मिनी थियेटर में राजस्थानी नाटक ‘गौरी सिंगार करे, ढोलो पानी भरे’ का मंचन किया गया। नाटक में परिस्थिति जन्य हास्य ने दर्शकों को जमकर हंसाया। नाटक में चांदमल भाटी की पत्नी सरोज को दिखावे का शौक रहता है। अपने इसी शौक में वह हद पार करती हुई अपनी एक सहेली के सामने अपने पति को नौकर व मुंहबोले देवर को अपना पति बताकर वाहवाही लूटना चाहती है। कलाकारों में सरोज की भूमिका मे नेहा बुटोलिया ने मझी हुई अभिनेत्री के रूप में साबित किया तो उसके नौकर बन पति के रूप में अमन तंवर ने तालियां बटोरी।

चतरू नौकर लोकेश ने अभिनय में कमी नहीं छोड़ी। वहीं, प्रिंस तिवारी के चेहरे पर आए हाव-भाव उसे बिल्कुल एक कॉमेडी अभिनेता के रूप में स्थापित करने को पर्याप्त थे। कांता सेठ के रूप में हर्षिता और किशोर के रूप में हर्षित शर्मा ने काम किया। दादाजी के रूप में गुरु प्रसाद व पुष्पा के रूप में किरण ने अभिनय किया। संस्था सहयोग नाट्य धर्मी कला संस्थान कथा मंच पृष्ठ में प्रभा शर्मा, वैशाली व करण रहे।

**एक्टिविटीज** | कोलाज ऑफ किलकारी में खेलों से दर्शाए भाव

# बच्चों की रचनात्मकता देखकर भावुक हुए पेरेंट्स

बेधड़क | जयपुर

कला संस्कृति विभाग राजस्थान सरकार, राजस्थान ललित कला अकादमी, नाट्य विभाग, हिमालयीय विश्वविद्यालय देहरादून और क्यूरियो चिल्ड्रंस थिएटर जयपुर की ओर से आयोजित 17वीं कोलाज ऑफ किलकारी चिल्ड्रंस-टीनेजर्स थिएटर वर्कशॉप में ललित कला अकादमी में पेरेंट्स और बच्चों का सेशन हुआ।

इस दौरान पेरेंट्स और बच्चों ने डॉज बॉल, ब्लाइंड जर्नी जैसे खेलों के द्वारा अपने अंदर के भावों को व्यक्त किया। वहीं ये गतिविधियां बच्चों और पेरेंट्स दोनों के बीच में सामंजस्य बैठाने में कारगार साबित हुई।




#### पेरेंट्स काउंसलिंग सेशन रहा आकर्षण

किलकारी के बच्चों की ड्रांइग एग्जीबिशन देखकर पेरेंट्स भावुक नजर आए। वहीं, पेरेंट्स काउंसलिंग सेशन का महत्वपूर्ण हिस्सा रही। पेरेंट्स और बच्चों द्वारा ‘कहां गया वो नानी का घर, कुछ तो लोग कहेंगे, समर कैंप वर्सेज क्रिएटिव आर्ट वर्कशॉप, लाइफ इन 6:5 इंचेज, क्या मैं अच्छा बच्चा हूं?, थोड़ा समय तो दो जैसे टॉपिक्स पर इंप्रोवाइजेश और इनेक्टमेंट हुए, जिसमे आज के परिवारों, स्कूल और समाज में हो रहे बदलावों के सब्जेक्ट्स को प्रदर्शित किया गया।

#### वर्कशॉप से बढ़ता है बच्चों का मनोबल

पेरेंट्स ने बताया कि किलकारी जैसी वर्कशॉप का आयोजन बच्चों के लिए होते रहना चाहिए। इससे बच्चों में आत्मविश्वास और मनोबल बढ़े और रचनात्मक रूप से बच्चे उभर कर सामने आ सके। क्यूरियो टीम में फाउंडर फैकल्टीज अभिषेक झांकल, कपिल शर्मा, प्रियदर्शिनी मिश्रा, गगन मिश्रा, सहयोगी प्रेरणा शर्मा, पल्लवी जोशी, आशीष मिश्रा, समर्थ शांडिल्य, कमल जांगिड़ और कमलेश कसवां ने सेशन कंडक्ट किया।



हमें मिला प्रत्येक दिन हमारे जीवन को बदलने का एक अवसर है, अवसर को गंवाएं नहीं, सदुपयोग करें।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## न्यूयॉर्क में फिलिस्तीन समर्थकों का विरोध प्रदर्शन



*न्यूयॉर्क। अमेरिका में सैकड़ों फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन संग्रहालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इससे पूरे शहर में अफरातफरी मच गई। न्यूयॉर्क पुलिस के पहुंचने से पहले प्रदर्शनकारियों ने ब्रुकलिन संग्रहालय तक मार्च किया और उसके परिसर में तंबू लगाने के अलावा इमारत की छत से 'आजाद फिलस्तीन' के बैनर लहराए। इसके बाद पुलिस ने संग्रहालय में पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया।*

### देशभर के सभी स्कूल आज रहेंगे बंद

# श्रीलंका में भारी बारिश से बाढ़ के हालात, 15 लोगों की मौत

- 5000 परिवार और 19000 लोग बेघर

**एजेंसी** | कोलंबो



श्रीलंका में भारी बारिश के कारण सप्ताहांत में करीब 15 लोगों की मौत हो गई और 19 हजार से अधिक लोग बेघर हो गए। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि राजधानी कोलंबो सहित सात जिलों में लोगों की मौतें हुई हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मूसलाधार बारिश के कारण अचानक कई शहरों में बाढ़ आ गई। साथ ही वहां कई पेड़ उखड़ गए। यहां कई क्षेत्रों में बिजली भी गिरी और भूस्खलन हुआ।

बारिश के कारण 25 प्रशासनिक जिलों में से 20 जिले बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। 4000 से अधिक घरों को आंशिक क्षति हुई है, जबकि 28 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं।

श्रीलंकाई सेना ने बचाव अभियान के लिए नावों से लैस सात टीमों को तैनात किया है। वायुसेना ने प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए तीन हेलीकॉप्टरों को स्टैंडबाय पर रखा है। आगे और बारिश और बाढ़ की आशंका के चलते शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को पूरे देश के सभी स्कूलों को बंद करने की घोषणा की है। एहतियात के तौर पर बिजली और ऊर्जा मंत्रालय ने कई इलाकों में बिजली आपूर्ति रोक दी है। नेशनल बिल्डिंग रिसर्च सेंटर ने चार जिलों में भूस्खलन के लिए रेड नोटिस जारी किए हैं।

### बाइडेन के युद्धविराम प्रस्ताव पर PM नेतन्याहू बोले...

# हमास के खात्मे से पहले स्थायी युद्ध विराम नहीं

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच हो रहे भयंकर युद्ध पर अमेरिका ने दोनों पक्षों को सलाह दी है कि वे जितना जल्दी हो सके स्थायी युद्धविराम का फैसला लें ले। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की सलाह पर इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू भड़क गए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक हमास का समूल नाश नहीं हो जाता, न कोई समझौता होगा और ना ही गाजा पर युद्ध रुकेगा। इतना ही नहीं इजराइल के दो मंत्रियों ने तो अमेरिका को सीधे तौर पर धमकी दे दी है। रफाह में इजराइली सेना कहर बनकर टूट रही है। हमास के खात्मे का नारा लगाने वाली आईडीएफ के निशाने पर ज्यादातर निर्दोष फिलिस्तीनी आ रहे हैं। राहत शिविरों में रह रहे शरणार्थियों की बड़े पैमाने पर हत्या हो रही है।

दरअसल, रफाह शहर में मचे कत्लेआम के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यह बयान दिया था कि इजराइल ने हमास को युद्धविराम का नया प्रस्ताव दिया है, जिसमें इजराइली लोगों की रिहाई के साथ कुछ फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ा जाएगा। अमेरिका ने यह भी उम्मीद जताई थी कि यह स्थायी युद्धविराम भी हो सकता है। आतंकी समूह हमास ने इस बयान पर सहमति जताई थी और बयान दिया था कि वह इस पर विचार कर सकता है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर इजराइली पीएम नेतन्याहू ने दो टूक शब्दों में कहा है कि उनका प्रण आज भी कायम है और हमास के पूर्ण खात्मे तक इजराइली सेना नहीं रुकेगी। नेतन्याहू ने कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए इजरायल की शर्तें नहीं बदली हैं।



### रफाह में अंदर तक घुसी इजराइली सेना

इजराइली सेना रफाह में अंदर तक घुस चुकी है और कई रिहायशी इलाकों में कब्जा करने के बाद लगातार आगे बढ़ रही है। रफाह में पिछले दिनों दो हमलों में इजराइल के हाथों कई मासूम फिलिस्तीनियों की जान चली गई थी। दोनों मौकों पर राहत शिविरों पर हमले किए गए, जिसमें पहले दिन 45 और दूसरी बार में 21 लोगों की मौत हो गई थी। रफाह में उन जगहों पर इजराइल ने हमले किए जहां, राहत शिविर लगे थे। गाजा से अपनी जान बचाकर भागे फिलिस्तीनियों ने यहां शरण ले रखी थी। इजराइल ने इस नरसंहार की दुनियाभर में आलोचना हुई। बाद में नेतन्याहू ने मामले में जांच के आदेश भी जारी किए और माफी मांगी थी। हालांकि आईडीएफ ने एक बयान में कहा था कि उसकी सेना ने इन कैंपों में हमले से हमास के चीफ ऑफ स्टाफ समेत कई आतंकियों को मार डाला है। नेतन्याहू ने कहा कि स्थायी युद्धविराम लागू करने से पहले वह हमास का समूल नाश कर दे। तब तक न तो इजराइल रुकेगा और न ही इजराइल किसी शर्त को मानेगा।

### इजराइली मंत्रियों ने दी धमकी

अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव की आग इजराइल में आग बनकर सामने आई है। नेतन्याहू के अलावा के इजराइल के दो दक्षिणपंथी विचारधारा वाले दो मंत्रियों ने अमेरिका को धमकी दी है। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्वीर और वित्र मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच ने कहा है कि जब तक हमास का समूल नाश नहीं हो जाता वे किसी भी समझौते का विरोध करेंगे।

### भारत ने इजराइल को भेजा 27 टन विस्फोटक

गाजा में लंबे समय से लड़ रहा और दुनिया की आलोचना का सामना कर रहा इजराइल हथियारों की कमी का सामना कर रहा है। इस बीच भारत ने इजराइल को हथियार भेजे हैं। अमेरिका ने हाल ही में इजराइल को हजारों बम की सप्लाई को रोक दी थी, जिसके बाद इजराइल ने भारत से मदद मांगी थी। भारत ने एक कार्गो जहाज में करीब 27 टन गोला बारूद समुद्री रास्ते से इजराइल भेजा है।

### मिशन में पाकिस्तान का भी साथ

# चांग-6 की चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग

**एजेंसी** | बीजिंग



भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने साल 2023 में चंद्रयान उतारकर इतिहास रचा था। चंद्रयान-3 ने चांद के जिस हिस्से में सॉफ्ट लैंडिंग की, उस कारनामे को आज तक कोई नहीं कर पाया है। चीन के चांग-6 नाम के लैंडर ने चांद के सबसे अंधेरे हिस्से पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर ली है।

अब चीन का लक्ष्य 23 दिनों के भीतर चांद के इस हिस्से से मिट्टी धरती पर लाने की है। ऐसा करके चीन पूरी दुनिया को पछाड़कर बड़ा कारनामा करने की योजना बना रहा है। चीन के इस मिशन में फ्रांस, पाकिस्तान और इटली भी शामिल है।

चीनी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने रविवार को चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) के हवाले से खबर दी कि उनका लैंडर सफलतापूर्वक चांद पर सतह पर उतर गया है। 3 मई को चीन के वाहक रॉकेट लॉन्ग मार्च-5 वाई 8 को चांग ई-6 चंद्र जांच के साथ हैनान द्वीप पर वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से लॉन्च किया गया था। उस वक्त चीनी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा था कि यदि मिशन सफल रहा तो चांग ई-6 मानव इतिहास में पहली बार चंद्रमा के पिछले हिस्से से मिट्टी पृथ्वी पर लाएगा।

चीन की योजना लगभग दो किलोग्राम (चार पाउंड) मिट्टी के नमूने पृथ्वी पर लाने की है।


### 23 दिन का मिशन... तीन देश भी साथ

चांग इ-6 में एक कक्षीय मॉड्यूल वाहन और एक लॉन्च मॉड्यूल है। इसमें एक लैंडिंग कैमरा, एक पैनोरमिक कैमरा, एक खनिज वर्णक्रमीय विश्लेषण उपकरण और एक चंद्र मिट्टी संरचना विश्लेषण उपकरण के पेलोड भी हैं। चीन का लक्ष्य 23 दिन के भीतर अपने मिशन को पूरा करना है। चीन के इस चंद्र मिशन में वह अकेला नहीं है, इसमें उसके साथ तीन देश फ्रांस, पाकिस्तान और इटली भी शामिल हैं। चीन चंद्र मिशन में अंतरराष्ट्रीय पेलोड लेकर गया है। जिसमें पृथ्वी के प्राकृतिक उपग्रह की सतह पर रेडॉन गैस और उसके क्षय उत्पादों की एकाग्रता को मापने के लिए फ्रांसीसी डिटेक्टर डीओआरएन है।

### यूक्रेन के अधिकांश हिस्सों में आपातकालीन बिजली सप्लाई ठप

# बिजली बुनियादी ढांचे पर रूस का अटैक

**एजेंसी** | कीव



यूक्रेन और रूस के बीच जंग लगातार जारी है। दोनों ही देश एक दूसरे पर आए दिन आक्रमण करते रहते हैं। इस बीच एक बार फिर रूस ने यूक्रेन को निशाना बनाया है। रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। जिसके बाद यूक्रेन ने रविवार को देश के अधिकांश हिस्सों में आपातकालीन बिजली आपूर्ति ठप कर दी, एक दिन पहले रूस ने ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमले किए और दावा किया कि उसने पूर्वी डोनेट्स्क प्रांत में बढ़त हासिल की है। इस हमले के बाद, यूक्रेन के तीन क्षेत्रों को छोड़कर बाकी सभी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप कर दी गई है। रूस ने शनिवार को यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया। इस हमले में कम से कम 19 लोग घायल हो गए।

### शटडाउन से औद्योगिक-घरेलू उपभोक्ता प्रभावित

वहीं, यूक्रेन के सरकारी स्वामित्व वाले पावर ग्रिड ऑपरेटर उक्रेनेर्गो ने कहा कि इन शटडाउन से औद्योगिक और घरेलू उपभोक्ता दोनों प्रभावित हुए हैं। हाल के हफ्तों में यूक्रेन के पावर ग्रिड पर लगातार रूसी हमलों ने सरकार को देश भर में बिजली आपूर्ति ठप करने के लिए मजबूर कर दिया है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl